卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंध्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 167 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦25 मार्च 2026 ♦मूल्य दो रूपया

**सप्तम नवरात्र**



नवरात्र के सातवें दिन मां भगवती के कालरात्रि स्वरूप की पूजा का विधान है। मां कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यंत भयानक है लेकिन ये सदैव शुभ फल ही देने वाली हैं।

# धामी कैबिनेट ने 16 प्रस्तावों पर लगाई मुहर

**प्रधानमंत्री के शुभकामना संदेश के साथ शुरू हुई बैठक,अग्निवीरों और पूर्व सैनिकों के लिए स्वरोजगार में आरक्षण का निर्णय**

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में पुनर्गठित मंत्रिमंडल की पहली महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को सचिवालय में संपन्न हुई, जिसमें प्रदेश के विकास और युवाओं के भविष्य से जुड़े कई ऐतिहासिक निर्णयों पर मुहर लगाई गई। कैबिनेट विस्तार के बाद आयोजित इस पहली बैठक का शुभारंभ नए मंत्रियों के आत्मीय स्वागत के साथ हुआ। बैठक की गरिमा तब और बढ़ गई जब मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार के सफल चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भेजे गए विशेष शुभकामना संदेश को साझा किया। मुख्य सचिव द्वारा पढ़े गए इस संदेश में केंद्र सरकार ने उत्तराखंड के विकास मॉडल की सराहना की है, जिससे पूरी कैबिनेट में उत्साह का संचार देखा गया। इस बैठक में कुल 16 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई, जिनमें सबसे प्रमुख निर्णय प्रदेश के युवाओं और पूर्व सैनिकों के हितों से जुड़ा है। सरकार ने 'उत्तराखंड वीर उद्यमी योजना' और श्मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजनाश के स्वरूप में बड़ा



बदलाव करते हुए अब कुल लक्ष्य का दस प्रतिशत हिस्सा पूर्व सैनिकों और पूर्व अग्निवीरों के लिए आरक्षित कर दिया है। इतना ही नहीं, देश की सेवा कर लौटे इन युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए सरकार ने पांच प्रतिशत अतिरिक्त सब्सिडी देने का भी प्रावधान किया है, जिससे राज्य में उद्यमशीलता को नया बल मिलेगा। इसी कड़ी में युवाओं को बड़ी राहत देते हुए पुलिस, पीएसी और अग्निशमन विभाग में सिपाही व उपनिरीक्षक पदों पर भर्ती के लिए आयु सीमा में हुए बदलावों के बाद दोबारा मौका देने हेतु नई नियमावली को स्वीकृति प्रदान की गई है। कर्मचारी कल्याण और बुनियादी ढांचे को लेकर भी कैबिनेट ने दूरगामी निर्णय लिए हैं। न्याय विभाग के कर्मचारियों के लिए अब दस लाख रुपये तक का सॉफ्ट लोन नाममात्र की ब्याज दर पर उपलब्ध होगा, जिससे उनके आर्थिक हितों की रक्षा हो सकेगी। वहीं वन विभाग में मुख्य प्रशासनिक पदों पर पदोन्नति के लिए न्यूनतम सेवा अवधि को 25 वर्ष से घटाकर 22 वर्ष कर दिया गया है, ताकि प्रशासनिक कार्यप्रणाली में तेजी आए। ऊर्जा विभाग के (शेष पृष्ठ सात पर)

## नाली में गिरने से अज्ञात युवक की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प कोतवाली क्षेत्र में सिडकुल ढाल के पास नशे की हालत में नाली में गिरकर एक युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को नाली से निकालकर आस पास के लोगों से मामले की जानकारी ली और युवक को जिला चिकित्सालय भिजवाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस भिजवाया और मृतक युवक की शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए। जानकारी के अनुसार बुधवार प्रातः करीब 25 वर्षीय युवक नशे की हालत में सिडकुल ढाल के पास अरविन्दनगर वार्ड 5 वीरजी ढाबे के समीप गली में घरों से खाने के लिए रोटी मांग रहा था। जहां उसे कहा गया कि अभी रोटी नहीं बनी है और लोगों ने घर का दरवाजा बंद कर दिया। इसके कुछ देर बाद लोगों ने युवक का सिर एक घर के आगे नाली में डूबा देखा। यह सोचकर कि युवक नाली में गिर गया है लोगों ने उसे हिलाडुला कर देखा तो उसके शरीर में कोई हरकत नहीं हुई। इस पर लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी । सूचना मिलने पर कोतवाल मोहन चन्द्र पाण्डे पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने युवक को नाली से बाहर निकाल कर वहां खड़े लोगों से आवश्यक जानकारी ली। लेकिन कोई भी युवक को पहचान नहीं सका। पुलिस ने युवक को जिला (शेष पृष्ठ सात पर)



## अतिक्रमण का चिन्हीकरण,जल्द चलेगा पीला

**एडीएम और नगर आयुक्त के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने की पैमाइश**

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर को जाम की समस्या से स्थाई मुक्ति दिलाने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। बुधवार को एडीएम पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में प्रशासन की संयुक्त टीम ने त्रिशूलक चौक के समीप हाईवे चौड़ीकरण के लिए मौका मुआयना किया। इस दौरान टीम ने अतिक्रमण को चिन्हित करते हुए लाल निशान लगाए और अतिक्रमणकारियों को जल्द जगह खाली करने के कड़े निर्देश दिए। बुधवार दोपहर एडीएम पंकज उपाध्याय के साथ जिला विकास प्राधिकरण, नगर निगम, राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग और विद्युत विभाग की संयुक्त टीम पुलिस बल के साथ इंदिरा चौक पहुंची। टीम ने विशेष रूप से उस हिस्से का निरीक्षण किया जो लेफ्ट कट को खोलने में बाधक बना हुआ है। पैमाइश के दौरान डिवाइडर से दोनों ओर 100-100 फीट की जगह को मानक मानकर चिन्हीकरण की कार्रवाई की गई। एडीएम पंकज उपाध्याय ने बताया कि शहर के मुख्य मार्गों को यातायात के लिए (शेष पृष्ठ सात पर)



## सिडकुल में युवक का शव मिलने से सनसनी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल औद्योगिक क्षेत्र में बुधवार दोपहर एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं, हालांकि अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर सिडकुल क्षेत्र के अंतर्गत झाड़ियों के पास कुछ लोगों ने एक युवक को अचेत अवस्था में पड़ा देखा। पास जाकर देखने पर पता चला कि उसकी मृत्यु हो चुकी है, जिसके बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही सिडकुल चौकी इंचार्ज दिनेश बिष्ट पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद शव को अपने कब्जे में लिया। पुलिस द्वारा की गई शुरुआती जांच में मृतक की उम्र करीब 24 से 25 वर्ष के आसपास बताई जा रही है। तलाशी के दौरान युवक के (शेष पृष्ठ सात पर)



## युवक ने दरांती से खुद का गला रेता, गंभीर

रामनगर। पीरूमदारा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम धर्मपुर ओलिया में एक युवक द्वारा दरांती से अपना ही गला काटकर जान देने की कोशिश करने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। गंभीर रूप से घायल युवक को आनन फानन में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उसकी नाजुक हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। घटनाक्रम के अनुसार देर रात डायल 112 के माध्यम से पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक ने खुद को जानलेवा रूप से घायल कर लिया है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने देखा कि धर्मपुर ओलिया निवासी प्रदीप सिंह रावत लहूलुहान हालत में पास के एक खेत में पड़ा हुआ था और उसकी मां गोदाम्बरी देवी उसके पास बैठकर विलाप कर रही थी। परिजनों ने बताया कि प्रदीप ने घर के आंगन में रखी दरांती उठाकर अचानक अपना गला रेतने का प्रयास किया। चीख पुकार सुनकर जब मां बाहर आई तो मंजर देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत (शेष पृष्ठ सात पर)




# रूद्रपुर में सामने आया 'डेमोग्राफी चेंज का नया पैटर्न'

**अब रात के अंधेरे में खड़े किए जा रहे हैं अवैध भवन,राजस्व अधिकारियों की मिली भगत से किया जा रहा है सीलिंग की जमीन पर कब्जा**

-अर्श-

रुद्रपुर। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा डेमोग्राफी चेंज के विरुद्ध समूचे प्रदेश में छेड़ी गई लड़ाई ,प्रशासनिक उदासीनता एवं अतिक्रमणकारियों से राजस्व अधिकारियों की मिलीभगत के चलते स्थानीय फाजलपुर महरौला में बेहद कमजोर पड़ती नजर आ रही है। फाजलपुर महरौला इलाके में तेजी से बदल रही डेमोग्राफी का आलम यह है कि उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिलों से आने वाले समुदाय लोग दिन दूनी रात चौगुनी गति से इलाके में निर्बाध रूप से आबाद होते जा रहे हैं और स्थानीय प्रशासन इस अवैध बसावट को रोकने में लाचार साबित हो रहा है। प्रशासन की इस लाचारी में स्थानीय प्रशासन के राजस्व महकमें के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का बड़ा ही अहम रोल है और यह पूरा का पूरा सिलसिला उन्हीं की मिलीभगत से अंजाम दिया जा रहा है। कई बार तो स्थानीय प्रशासन को इलाके में हो रहे अवैध निर्माण एवं बसावट की भनक ही नहीं लग पाती और यदि कोई अवैध निर्माण जिला प्रशासन एवं प्राधिकरण के संज्ञान में आ भी जाता है और ऐसे निर्माण पर रोक लग भी जाती है, तो कुछ दिनों के भीतर ही समूचा मामला राजस्व विभाग के कर्मचारियों की दखल अंदाजी के बाद रफा दफा हो जाता है और ऐसे अवैध भवनों पर उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिलों से आने वाले समुदाय विशेष के परिवार आधिपत्य जमा कर बैठ जाते हैं । हालांकि इलाके में स्थानीय प्रशासन एवं प्राधिकरण के संयुक्त अमले ने कई बार मौके पर पहुंच कर अवैध निर्माण रूकवाये हैं और कुछ अधबने मकान को सील भी किया है, लेकिन अतिक्रमण कारियों ने अब प्रशासन की आंखों में धूल झोंकने का एक नया तरीका ईजाद कर लिया है। वह है, शासकीय अवकाश के दौरान अथवा रात में अवैध भवन निर्माण का। अभी होली की छुट्टियों में ही इलाके में कई अवैध संरचनाएं दिन दहाड़े खड़ी कर ली गई है और अब उन पर लेंटर डालने की तैयारी चल रही है। जीनियस पब्लिक स्कूल के पीछे वाली गली में एक ऐसा ही अवैध निर्माण वर्तमान में भी जारी है, जहां अवैध निर्माण को प्रशासन की नजर से बचाने के लिए शटरिंग का कार्य रात में किया जा रहा है और शटरिंग का कार्य पूरा होते ही इन पर रातों-रात लेटर भी डाल दिया जाएगा। खोजबीन पर पता चला है कि इलाके में रात के दौरान भवन निर्माण करने वाले समुदाय विशेष के मिस्त्रियों एवं मजदूर की ऐसी कई टीमें सक्रिय है, जिन्हें रात के अंधेरे में अपना काम करने की महारत हासिल है और यह अपने काम को बड़ी ही होशियारी से कुछ इस तरह अंजाम दे रहे हैं कि स्थानीय प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं लग (शेष पृष्ठ सात पर)



# राज्य में मौन पालन की अपार संभावनाएं मौजूद : धामी

## मुख्यमंत्री आवास परिसर में शहद निष्कासन के साथ 3-बी गार्डन विकसित करने के निर्देश

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री आवास परिसर में मंगलवार को शहद निष्कासन का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। पहले चरण की इस प्रक्रिया के दौरान कुल 60 किलोग्राम शहद निकाला गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उद्यान विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री आवास परिसर और उसके आस-पास के क्षेत्रों में 3-बी गार्डन यानी बी-फ्रेंडली गार्डन, बटर-फ्लाई फ्रेंडली गार्डन और बर्ड फ्रेंडली गार्डन विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जाए।मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड राज्य में मौन पालन की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने रेखांकित किया कि राज्य में फूलों की विविध और प्रचुर प्रजातियां उपलब्ध हैं जो उच्च गुणवत्ता वाले जैविक शहद उत्पादन में बेहद सहायक साबित होती हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में



औषधीय गुणों से भरपूर शहद तैयार करने के लिए स्थानीय लोगों को प्रोत्साहित और प्रेरित किया जाए ताकि उनकी आजीविका में सुधार हो सके। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और संवर्धन पर भी बल दिया। इस अवसर पर उद्यान प्रभारी दीपक पुरोहित और चेयरमैन देवभूमि पर्वतीय ग्रामोद्योग विकास संस्थान हरबर्टपुर अजय कुमार सैनी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## लोक भवन में मधुमक्खी पालन से 41 किलोग्राम शहद का उत्पादन

देहरादून (उद संवाददाता)। मंगलवार को लोक भवन में स्थापित मध मक्खियों के बक्सों से शहद निकाला गया। इस वर्ष प्रथम चरण में 15 बक्सों से लगभग 41 किलोग्राम शहद प्राप्त हुआ। ये मधुमक्खी बक्से पुष्प प्रदर्शनी के दौरान लोक भवन परिसर में लगाए गए थे, जिनमें मेलीफेरा प्रजाति की मध मक्खियाँ रखी गई हैं।इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने हनी बी प्रोसेसिंग (शहद निकालने की प्रक्रिया) का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि मधुमक्खी पालन राज्य के लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में उत्तराखण्ड का शहद वैश्विक स्तर पर अपनी अलग पहचान स्थापित करेगा और एक मजबूत ब्रांड के रूप में उभरेगा। राज्यपाल ने कहा कि पर्यटन के प्रमुख केंद्र होने के साथ-साथ



उत्तराखण्ड में मधुमक्खी पालन को व्यापक रूप से प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड को प्रकृति ने औषधीय एवं सुगंधित पौधों के साथ-साथ जैविक एवं प्राकृतिक खेती की अपार संभावनाएं प्रदान की हैं, जिनका उपयोग कर मधुमक्खी पालन को और अधिक विकसित किया जा सकता है। इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, उद्यान अधिकारी श्री दीपक पुरोहित, नेशनल बी बोर्ड के सदस्य श्री अजय सैनी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसएसपी के साथ पुलिस-मीडिया समन्वय पर हुई चर्चा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कुमायूं युवा प्रेस क्लब के संरक्षक कमल श्रीवास्तव एवं अध्यक्ष सौरभ गंगवार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए मीडिया और प्रशासन का आपसी सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। को जागरूक करने में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पुलिस प्रशासन सदैव मीडिया के साथ समन्वय बनाए रखने और जनहित से जुड़े से शिष्टाचार भेंट कर विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। मुलाकात के दौरान पत्रकारिता को सशक्त बनाने, जनसरोकारों से जुड़े विषयों को प्रभावी ढंग से उठाने तथा प्रशासन और मीडिया के बीच बेहतर समन्वय स्थापित



मुद्दों पर संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने भी प्रशासन के सहयोग की सराहना करते हुए भविष्य में इसी तरह सकारात्मक करने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर विधायक शिव अरोड़ा भी उपस्थित रहे, जिन्होंने पत्रकारों और प्रशासन के बीच संवाद को मजबूत करने मुलाकात के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने पत्रकारों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि निष्पक्ष और जिम्मेदार पत्रकारिता समाज संवाद बनाए रखने की बात कही। इस दौरान प्रेस क्लब और पुलिस प्रशासन के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान को और अधिक सुगम बनाने पर भी सहमति बनी।

## ब्लूमिंग डेल्स स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ब्लूमिंग डेल्स मॉडर्न स्कूल में बुधवार को कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहने पर विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों के बीच जबरदस्त उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। इस वर्ष विद्यालय के विद्यार्थियों का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा। अधिकांश छात्र-छात्राओं ने उच्च अंक प्राप्त किए, जबकि कई विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा के बल पर विद्यालय का नाम रोशन किया। परिणाम घोषित होने के अवसर पर कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावियों को विशेष रूप से पुरस्कृत किया



गया। इसके साथ ही विद्यालय प्रबंधन द्वारा उन विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया जिनकी वार्षिक उपस्थिति शत-प्रतिशत रही और जिन्होंने खेलकूद व अन्य पाठ्येतर गतिविधियों में शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के चेयरमैन सुरेंद्र गिरधर, डायरेक्टर विजय गिरधर और मैनेजर नीलम धंजू ने बच्चों की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। प्रधानाचार्य पंकज लोहनी और उप प्रधानाचार्य मृदुला गिरधर ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान अमित अग्रवाल, जसविंदर कौर, गीता आनंद सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक और शिक्षिकाओं ने बच्चों को प्रोत्साहित किया और उन्हें निरंतर कड़ा परिश्रम करने की प्रेरणा दी।

## स्टार्ट इंस्टीट्यूट का किया शैक्षणिक भ्रमण

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। दिल्ली पब्लिक स्कूल, रुद्रपुर के छात्र-छात्राओं ने साझा शैक्षणिक कार्यक्रम के तहत स्टार्ट इंस्टीट्यूट का भ्रमण किया। इस दौरान संस्थान के बच्चों ने डीपीएस के विद्यार्थियों का गर्मजोशी से अभिनंदन किया और अपना परिचय देकर उनका स्वागत किया। संस्थान की कार्यप्रणाली और बच्चों के विशेष कौशल को देखकर डीपीएस के विद्यार्थी बेहद प्रभावित नजर आए। भ्रमण के दौरान संस्थान की डायरेक्टर व क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. माधवी अवस्थी ने विद्यार्थियों को संस्थान की गतिविधियों और विशेष बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी। इसके पश्चात संस्थान की



कोऑर्डिनेटर शकुंतला मेहता ने छात्र-छात्राओं को पूरे परिसर का भ्रमण करवाया और विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों से अवगत कराया। कार्यक्रम की शुरुआत एक सहयोगात्मक कला सत्र से हुई, जहां विद्यार्थियों और संस्थान के बच्चों ने रंगों के माध्यम से अपनी भावनाओं और विचारों को कैनवास पर उकेरा। इसके बाद कई मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य टीम वर्क, आत्मविश्वास और आपसी सहयोग को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर डीपीएस की स्पेशल एजुकेटर वंदना भट्ट, रुद्रा पांडे, सोनाक्षी शर्मा, कविता कांडपाल, भारती शर्मा, संगीता सरकार, कोमल, विशेष वरुण और दक्ष जोशी सहित दोनों संस्थानों के शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## लापता कपड़ा व्यापारी का शव जंगल में मिला

शक्तिफार्म। नगर क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब दो दिन से लापता कपड़ा व्यापारी का शव बाराकोली रेंज के घने जंगल से बरामद हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और मौके पर पहुंची टीम ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मिली जानकारी के अनुसार, देवनगर गांव निवासी गौतम मंडल (43) पुत्र सुभाष मंडल, जो पिछले कई वर्षों से नगर पंचायत शक्तिगढ़ के आजाद वार्ड में अपने परिवार के साथ रह रहे थे, अचानक दो दिन पहले रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गए थे। परिजनों ने उनकी हर संभव जगह तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग सका। मंगलवार को वन शक्ति मंदिर के पुजारी द्वारा जंगल में एक शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया।



शिनाख्त होने पर मृतक की पहचान गौतम मंडल के रूप में हुई, जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि मृतक पिछले कुछ समय से पारिवारिक कलह के चलते मानसिक तनाव में था। आशंका जताई जा रही है कि इसी कारण वह रविवार को घर छोड़कर चला गया था। हालांकि, मौत के असली कारणों को लेकर अभी भी रहस्य बरकरार है। गौतम मंडल क्षेत्र में कपड़ा व्यवसाय के साथ- साथ सिलेंडर होम डिलीवरी का काम भी करता था। उनके परिवार में पत्नी और दो छोटे बच्चे हैं, कोतवाल सुंदरम शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए उप जिला अस्पताल सितारगंज की मोर्चरी में रखवा दिया गया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल, इस घटना ने पूरे शक्तिफार्म क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। पुलिस हर पहलू से मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

## ब्लॉक परिसर के बहुउद्देशीय शिविर में नहीं पहुंचे फरियादी

काशीपुर। क्षेत्रीय जनता की समस्याओं के त्वरित निदान हेतु ब्लॉक परिसर में आज बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया लेकिन मजे की बात यह रही कि अपराह्न 12:00 बजे तक किसी भी काउंटर पर क्षेत्रीय जनता का कोई अता पता नहीं था। सूत्रों की माने तो बहुउद्देशीय शिविर के संबंध में क्षेत्रीय जनता को किसी प्रकार की जानकारी नहीं दी गई। भीड़ में अधिकांश विभागीय अधिकारी व कर्मचारी दिखाई दिए। ज्ञातव्य है कि जिला प्रशासन के निर्देश पर क्षेत्रीय जनता के विभिन्न समस्याओं के निदान हेतु ब्लॉक परिसर में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान चकबंदी विभाग, समाज कल्याण विभाग, उधम सिंह नगर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, जिला उद्योग केंद्र, विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर, राजस्व विभाग, नगर निगम, उद्यान विभाग, नगर पालिका परिषद महुआ खेड़ा गंज, बाल विकास



परियोजना, पशुपालन विभाग, होम्योपैथिक चिकित्सा विभाग, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर महुआ खेड़ा गंज, कृषि विभाग उधम सिंहनगर, श्रम विभाग उत्तराखंड, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास, कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग, सहकारिता विभाग, रेशम विकास विभाग व बालिका प्रोत्साहन साइकिल योजना से संबंधित दर्जनों स्टॉल लगाए गए। लेकिन मजे की बात यह रही की अपराह्न 12:00 के बाद तक कैंप में लगाए स्टालों के आसपास सरकारी विभाग के कर्मचारी व अधिकारियों की भीड़ दिखाई दी समस्या से संबंधित व्यक्ति इक्का-दुक्का ही दिखा। जानकार मानते हैं कि बहुउद्देशीय शिविर के आयोजन से पूर्व क्षेत्रीय जनता को इसकी जानकारी न होने के कारण उसे सुविधाओं से वंचित होना पड़ा। चकबंदी लेखपाल राहुल शर्मा, कानूनगो सुरेन्द्र सिंह दुग्ताल, लेखपाल/पेशकार चकबंदी ललित कुमार आदि मौजूद रहे। वहीं ब्लॉक परिसर में लगाए बहुउद्देशीय शिविर में 11:35 बजे के लगभग उत्तरांचल दर्पण की टीम जब कवरेज के लिए पहुंची तो सभी काउंटर पूरी तरह खाली पड़े थे। खंड विकास अधिकारी कमल किशोर पांडे के कार्यालय में क्षेत्रीय विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, एसडीएम अभय प्रताप सिंह, व तहसीलदार बैठे देखे गये।

## अखंड महानाम संकीर्तन में उमड़े भक्त

रुद्रपुर। उत्तराखंड के रुद्रपुर स्थित पिपरिया नंबर दो गांव में आयोजित तीन दिवसीय अखंड महा नाम संकीर्तन में भक्तों का अपार उत्साह देखने को मिला। भक्ति और श्रद्धा से सराबोर इस आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया। आयोजन कमेटी के सदस्यों के नेतृत्व में ग्रामवासियों ने एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में पहुंचे प्रमुख समाजसेवी सुब्रत विश्वास ने कमेटी सदस्यों और ग्रामवासियों का आभार



व्यक्त किया। क्षेत्र से लगातार मिल रहा यह प्रेम समाज सेवा के लिए और अधिक प्रेरित कर रहा है। इस दौरान अतिथि ने प्रसाद ग्रहण किया और भक्तों की सेवा कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम में बिट्टू राय, समर सोनकर, गोविंद स्वर्णकार, कपिल मंडल, विराज विश्वास, राजेश, शुभंकर, किशोर, कौशल, कमल राजेश सहित कमेटी के अन्य सदस्य एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# गैस वितरण की अव्यवस्था पर एसडीएम सख्त

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर में घरेलू गैस सिलेंडरों को लेकर मचे हंगामे के बीच प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। गैस एजेंसी पर उमड़ी भारी भीड़ और लगातार मिल रही शिकायतों के बाद उपजिलाधिकारी गोपाल सिंह चौहान ने खुद मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में गैस की कोई कमी नहीं है, बल्कि समस्या वितरण प्रणाली और रिकॉर्ड प्रबंधन में लापरवाही के कारण उत्पन्न हुई है।पिछले कुछ दिनों से रामनगर स्थित इंडियन गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं की भारी भीड़ जमा हो रही थी। लोगों का आरोप था कि उन्हें समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं, जिसके चलते एजेंसी परिसर में अफरातफरी और नाराजगी का माहौल बना हुआ था। कई मौकों पर उपभोक्ताओं और एजेंसी कर्मियों के बीच तीखी बहस और विवाद की स्थिति भी पैदा हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम गोपाल सिंह चौहान ने गैस गोदाम का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान यह



चौंकाने वाली सच्चाई सामने आई कि एजेंसी ने कई उपभोक्ताओं को सिलेंडर तो बांट दिए थे, लेकिन उनका रिकॉर्ड ऑनलाइन सिस्टम में समय पर अपडेट नहीं किया गया।इस तकनीकी लापरवाही का सीधा असर आपूर्ति पर पड़ा। ऑनलाइन सिस्टम में पुराना स्टॉक अभी भी उपलब्ध दिखाई दे रहा था, जिसके कारण काशीपुर सप्लाई सेंटर से नया स्टॉक जारी नहीं हो पा रहा था। जमीनी हकीकत और डिजिटल रिकॉर्ड में इसी अंतर ने पूरी वितरण व्यवस्था को बाधित कर दिया। एसडीएम ने उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया कि क्षेत्र में गैस का पर्याप्त भंडार है और घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने गैस एजेंसी संचालकों को सख्त निर्देश दिए हैं कि भविष्य में वितरण केवल निर्धारित रोटेशन और तैयार सूची के आधार पर ही किया जाएगा।नई व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अब गैस वितरण वाहन के साथ पात्र उपभोक्ताओं की सूची होना अनिवार्य होगा, ताकि केवल सूचीबद्ध लोगों को ही नियमानुसार सिलेंडर उपलब्ध कराए जा सकें। एसडीएम ने बताया कि पूर्व में 50 सिलेंडरों की उपलब्धता के मुकाबले 100 लोग पहुंच रहे थे, जिससे अनावश्यक विवाद और अव्यवस्था फैल रही थी। प्रशासन ने सभी उपभोक्ताओं से धैर्य बनाए रखने और निधरित प्रक्रिया का पालन करने की अपील की है ताकि गैस वितरण प्रणाली को पारदर्शी और सुचारु बनाया जा सके।

# मंदिरों में आज विधिविधान से हुई मां कालरात्रि की पूजा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नवरात्र पर्व पर आज सातवें दिवस पर सभी मंदिरों में मां कालरात्रि की श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चारण व विधिविधान से पूजा अर्चना की। पूजा के दौरान श्रद्धालुओं ने मां के चरणों में वन्दन करते हुए मां को नारियल, चुनरी, पान, सुपारी, फल, फूल, धूप, अगरबत्ती, मेवा इत्यादि समर्पित किया। श्रद्धालुओं के जयघोषों से सभी मंदिर गुजायमान होते रहे। अनेंक मंदिरों में कई धार्मिक आयोजित किये जा रहे है। नगर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, श्री मनकामेश्वर मंदिर, श्री शिव शक्ति मंदिर, श्री दूधिया बाबा मंदिर, श्री दुर्गा मंदिर, श्री शिव मंदिर, मां अटरिया देवी मंदिर, श्री बृहस्पति देव मंदिर, श्री नव दुर्गा मंदिर, श्री वैष्णों देवी मंदिर, श्री चामुण्डा मंदिर, सहित ट्रांजिट कैम्प, सिडकुल चौकी परिसर, कोतवाली परिसर, सिडकुल चौक, आवास विकास, इन्द्रा कालोनी, सिंह कालोनी, रम्पुरा, भूतबंगला, पहाडगंज, बंगाली कालोनी, मॉडल कालोनी, शक्ति विहार कालोनी, दरिया नगर, घास मंडी, ईश्वर कालोनी, संजय नगर, आदर्श कालोनी, अटरिया रोड़, किच्छा रोड़, काशीपुर रोड़, किच्छा बाईपास रोड़, काशीपुर बाईपास रोड़, जगतपुरा, दूधिया नगर, खेड़ा, शक्ति विहार, पीएसी परिसर, गंगापुर रोड़, निकटवर्ती ग्राम भूरारानी, डिबडिबा, दानपुर, भगवानपुर, बगवाड़ा, छतरपुर, मटकोटा, रामनगर, फुलसुंगा, फुलसुंगी, प्रीत विहार, फाजलपुर महरोला आदि क्षेत्रों में स्थित मंदिरों में आज भी मां की पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालु प्रात: से ही पहुंचना शुरू हो गये थे। मंदिरों के बाहर पूजा सामग्री बेचने वालों के स्टॉल लगे थे।

# किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए किया मंथन

पंतनगर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड में कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन और मशरूम उत्पादन जैसे क्षेत्रों में किसानों को नवीनतम तकनीकों का सीधा लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से पंतनगर कृषि विश्व विद्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में उत्तराखंड राज्य नीति आयोग (सेतु) के उपाध्यक्ष राजशेखर जोशी, सलाहकार हनुमंत रावत, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉक्टर पीके सिंह एवं डॉक्टर लतिका सिंह उपस्थित रहे। बैठक में गेट्स फाउंडेशन के प्रतिनिधि सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने ऑनलाइन माध्यम से अपनी सहभागिता दर्ज कराई।बैठक के दौरान उत्तराखंड के परिप्रेक्ष्य में कृषि और संबंधित क्षेत्रों में किसानों की मूलभूत समस्याओं पर गहन विचार विमर्श किया गया। इन समस्याओं के समाधान के लिए विभिन्न क्षेत्रों में नए स्टार्टअप विकसित करने और तकनीकी लाभ को सीधे खेतों तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। प्रदेश की प्रमुख समस्याओं को चिन्हित कर उनकी



प्राथमिकताएं तय करने के साथ ही किसानों को संबंधित क्षेत्रों में विशेष प्रशिक्षण प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। इस महत्वपूर्ण पहल में पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय, विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान अल्मोड़ा, सीमैप पंतनगर, कैप सेलाकुई और जीबी पंत संस्थान कोसी कटारमल जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में सोशल अल्फा एनजीओ के प्रतिनिधि ओमकार पांडेय एवं राहुल दीप द्वारा किसानों की आजीविका बढ़ाने हेतु एक विस्तृत रोडमैप भी प्रस्तुत किया गया।कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि किसानों को कम समय में लाभ देने वाली तकनीकों को प्राथमिकता से उपलब्ध कराया जाना चाहिए। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति में त्वरित सुधार होगा और वे खेती को एक लाभकारी उद्यम के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने विश्वविद्यालय और अन्य शोध संस्थानों में विकसित तकनीकों के व्यावसायी करण पर भी बल दिया। कृषि विभाग के प्रतिनिधि यों ने प्रदेश में प्रचुर मात्रा में उत्पादित होने वाली फसलों, जैसे गोला नाशपाती के प्रसंस्करण और भंडारण पर कार्य करने, खाली पड़ी भूमि में चारा उत्पादन बढ़ाने तथा पर्वतीय क्षेत्रों के लिए छोटे कृषि उपकरणों के व्यावसायिक उत्पादन को बढ़ावा देने का सुझाव दिया। बैठक का संचालन निदेशक शोध डॉक्टर एसके वर्मा ने किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता कृषि डॉक्टर सुभाष चन्द्रा, निदेशक प्रसार शिक्षा डॉक्टर जितेंद्र क्वात्रा, निदेशक संचार डॉक्टर जेपी जायसवाल सहित सभी शोध केंद्रों के संयुक्त निदेशक उपस्थित रहे।

# पत्नी और प्रेमी समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने एक व्यक्ति की तहरीर के आधार पर उसकी पत्नी, उसके प्रेमी और साले के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित का आरोप है कि उसकी पत्नी अपने प्रेमी के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट करती है और घर से कीमती सामान व बच्चे को लेकर फरार हो गई है।डॉक्टर कॉलोनी, सिविल लाइन निवासी कावेन्द्र पुत्र नरोत्तम ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका विवाह वर्ष 2015 में राजकुमारी उर्फ रजनी के साथ हुआ था, जिससे उनका एक पुत्र आयुष है। कावेन्द्र का आरोप है कि उसकी पत्नी ने उससे अपने पहले विवाह की बात छुपाई थी और वह अपने पूर्व पति की पेंशन भी प्राप्त कर रही है। प्रार्थी ने अपनी जमा पूंजी से पत्नी के नाम एक प्लॉट खरीदा था और पीएम आवास योजना में एक फ्लैट भी आवंटित करवाया था, जिसकी किस्तें वह स्वयं भर रहा है।पीड़ित के अनुसार, कुछ समय पूर्व उनके पड़ोस में किराये पर रहने आए पंकज अधिकारी निवासी रानीखेत के साथ उसकी पत्नी के अवैध संबंध बन गए। विरोध करने पर दोनों ने कावेन्द्र के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि बीती 13 सितंबर 2025 को जब कावेन्द्र काम पर गया था, तब पंकज अधिकारी उसकी पत्नी और पुत्र आयुष को अपने साथ ले गया। जाते समय वे घर से एक लाख रुपये की नगदी और सोने-चांदी के जेवरात भी ले गए।कावेन्द्र ने यह भी आरोप लगाया कि उसकी पत्नी और पंकज अधिकारी उसके नाबालिग पुत्र के साथ अमानवीय व्यवहार कर रहे हैं और उसे रस्सियों से बांधकर मारपीट की जाती है। इस मामले में पत्नी के भाई अंगन लाल निवासी दिल्ली पर भी प्रताड़ित करने और साजिश रचने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित का कहना है कि पुलिस द्वारा पूर्व में कार्रवाई न किए जाने पर उसे न्यायालय की शरण लेनी पड़ी।

# जयंती पर राममनोहर लोहिया को किया नमन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। डॉक्टर राममनोहर लोहिया की 116 वीं जयन्ती पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी के कार्यालय पर अब्दुल मतीन सिद्दीकघे ने अपने तमाम कार्यकर्ताओं के साथ डॉक्टर राममनोहर लोहिया के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजलि अर्पित की। तदुपरांत गोष्ठी को संबोधित करते हुए श्री सिद्दीकघे ने कहा कि डा. राममनोहर लोहिया एक सच्चे समाजवादी थे। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के नेतृत्व में देश की आजादी के लिए संघर्ष किया था। डा. लोहिया अन्याय व अत्याचार का विरोध करने के साथ-साथ गरीबों के जीवन संकट को दूर करने के लिए संघर्ष में जुट जाते थे।



लोहिया जी के पद चिह्नों पर चल कर ही समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने समाजवाद की अलख जगाई थी। गोष्ठी में जावेद सिद्दीकी, जावेद मिकरानी,अलीम अंसारी, उमैर मतीन,इस्लाम मिकरानी,रेहान मलिक,संजय गुप्ता, आसिम सिद्दीकघे,अनवर हुसैन, जाहिद खघन,विक्की खघन,दीपक अग्रवाल,सरताज अंसारी,एडवोकेट जावेद अहमद, नाजिम सलमानी, अथर खघन,मोहम्मद अनस, मोहम्मद अरशद,अजहर मलिक,शाहिद खान सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# क्षय रोग उन्मूलन में उधमसिंह नगर का प्रदेश के शीर्ष तीन जनपदों में चयन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)।विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर जिला क्षय रोग क्लिनिक, रुद्रपुर में एक विशेष जागरूकता एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. डी.पी. सिंह द्वारा की गई। इस वर्ष का आयोजन जिले के लिए विशेष रहा, क्योंकि ऊधमसिंह नगर को क्षय रोग उन्मूलन की दिशा में उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदेश के शीर्ष 03 जनपदों में चुना गया है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश के सेवानिवृत्त स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. आर.के. पांडे ने टीबी उन्मूलन के लिए सामुदायिक सहभागिता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समय पर जांच और पूर्ण उपचार ही इस बीमारी को जड़ से खत्म करने का एकमात्र रास्ता है। विशिष्ट अतिथि जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. अलोक शुक्ला एवं जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. महेश जोशी ने टीबी के उपचार में एकीकृत चिकित्सा पद्धति के महत्व पर प्रकाश डाला। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पीयूष रंजन ने शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता और टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता जताई। इस अवसर पर टीबी विभाग के कर्मचारियों ने लाभार्थियों को श्पोषण किटश वितरित की। कार्यक्रम का सफल संचालन बी. एन. बेलवाल, मुख्य फार्मेसी अधिकाई द्वारा किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. डी.पी. सिंह ने कहा कि ष्हमें गर्व है कि हमारा जिला प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिलों में शामिल है। हमारा लक्ष्य श्क्षय रोग मुक्त भारतश के संकल्प को सिद्ध करना है। मैं सभी स्वास्थ्य कर्मियों और निक्षय मित्रों का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने इस उपलब्धि में विशेष योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने टीबी के प्रति समाज को जागरूक करने और रोगियों की सहायता करने की शपथ ली। इस अवसर पर पार्षद गिरीश पाल, डी. पी. एम हिमांशु मुस्यूनी, संजय पाण्डेय, प्रदीप महर, दिनेश जोशी, राहुल श्रीवास्तव, शुभम पपनोई, राजेश अरोड़ा, सुनील सती,रीना सिंह, अभिनव गुप्ता, सौरव आदि उपस्थित रहे।






SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता



डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरूद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

'जय माता दी' 'जय बाबा की'
पावन नवरात्र के उपलक्ष्य में श्री बालाजी दरबार एवं
माता की चौकी
स्थान:- श्री राजीव रस्तोगी, भगत सिंह चौक रूद्रपुर
दिनांक: 25 मार्च 2026 दिन: बुधवार, रात्रि 8 बजे से
निवेदक:-विकास शर्मा एवं सभी भक्त जन श्री नीलकंठ धाम चैरिटेबल ट्रस्ट, रूद्रपुर एवं उत्तरांचल दर्पण परिवार

# मेरी माँ दे लंबे बाल, परांदा लंबा लईयो

## नवरात्र के छठे दिन कालड़ा परिवार के आवास पर सजी माता रानी की चौकी व श्री बालाजी दरबार, सैकड़ो भक्तों ने लगाई हाजिरी



रुद्रपुर। चैत्र नवरात्र के उपलक्ष्य में आयोजित माता रानी की चौकी एवं श्री बालाजी दरबार में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर हाजिरी लगाई और मैया रानी का गुणगान किया। नवरात्र के छठे दिन श्री नीलकंठ धाम मंदिर के तत्वावधान में किच्छा रोड स्थित सनी डेल्स में समाजसेवी ओम प्रकाश कालड़ा व चिराग कालड़ा के आवास पर भव्य चौकी एवं दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर महामाई और बाबा का गुणगान किया तथा भक्ति में लीन होकर देर रात तक भजनों पर झूमते रहे।कार्यक्रम की शुरुआत कालड़ा परिवार द्वारा ज्योत प्रज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात गणेश वंदना, श्रीराम स्तुति, हनुमान चालीसा तथा श्री बालाजी महाराज, भैरवनाथ और प्रेतराज की आरती के साथ दरबार का विधिवत शुभारंभ हुआ। भजन संध्या के दौरान माता रानी, भोलेनाथ और बालाजी महाराज के मधुर भजनों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।भजन गायक विनीत अरोरा ने "कालका माँ मुझे तेरी जरूरत है" व "इक तू सच्ची सरकार माँ झंडेया वाली", सुमित वार्ष्णेय ने "मेरी माँ दे लंबे बाल, परांदा लंबा लईयो" व "मेनू लाड़ लड़ाया चिंतपूर्णी ने", हिमांशु मारवाड़ी ने "दुनिया चले ना श्रीराम के बिना" तथा रमेश राठौर व रितेश मनोचा ने "आओ चले अमरनाथ सारे भोले बाबा के द्वारे" और "भोले दी बारात चली सज-धज के" भजन प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। दरबार में पहुंचे भक्तों ने सुंदर भजनों का आनंद उठाया और झूमते हुए मैया रानी व बाबा का गुणगान किया।दरबार के दौरान भजनों के बीच गद्दी पर विराजमान महंत विकास शर्मा पर माता रानी और बालाजी महाराज की कृपा प्रकट हुई, जिस पर श्रद्धालुओं ने उनका आशीर्वाद लेकर सुख-समृद्धि व शांति की कामना की। साथ ही पीपली धाम के महंत श्री श्री सोमानंद महाराज जी से भी आशीर्वाद प्राप्त कर श्रद्धालुओं ने सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।इस अवसर पर कालड़ा परिवार के ओम प्रकाश कालड़ा, चिराग कालड़ा, सिमरन कालड़ा सहित संदीप छाबड़ा, पवन अग्रवाल, जसपाल धमीजा, सुभाष खंडेलवाल, इंद्रपाल सेठी, डॉ. नीतिक बठला, डॉ. मदन लाल बठला, सौरभ चिलाना, मुदित अग्रवाल, संजय ठुकराल,भरत शाह, सनी छाबड़ा, अमित गोयल, अमित कक्कड़, हर्ष सिमरन, आशीष चांदना, हरमीत चावला, मोहित अग्रवाल, रजनीश बत्रा,सुनील ठुकराल,गौरव अनेजा, साहिल कुमार, मनीष कालड़ा, अमित कालड़ा, पंकज कालड़ा, संदीप मनोचा, शिवम जग्गा, गौरव तनेजा, सचिन तनेजा, राजेश छाबड़ा, मनोज मुंजाल, अमित चावला, सुमित बब्बर, गौरव बब्बर, गौरव जुयाल, सचिन खुराना, अजय चड्ढा, अमित अरोड़ा, विवेक दीप सिंह, पम्मी सुखीजा, शिवांश सुखीजा, पारस चुघ, हरवेश मनोचा, ललित नारंग, सुरेंद्र शर्मा, दीपक शर्मा, राजीव मनोचा, पवन खनिजों, पवन रंगीला, मोहित अरोड़ा, विजय तोमर, अनुज पाठक, रोहित मदान, मुकेश शर्मा, अमन खुराना, गौरव खुराना, राकेश शर्मा, विनीत अग्रवाल, सोनू, संदीप वाल्मीकि, मुकेश भटनागर, काशीराम, रविंद्र वार्ष्णेय, मीना वार्ष्णेय, यशी वार्ष्णेय, सीमा नारंग, कंचन नारंग, पूनम मदान, नीलू खुराना, गीता शर्मा, भूमिका शर्मा, संगीता बठला, सुमन मनोचा, अनीता मनोचा, विमला, रेशू सक्सेना, श्वेता, नेहा अरोड़ा, प्रिया मनोचा, मोना खुराना, राजेंद्र कौर, इंद्रजीत कौर, मुस्कान खनिजों, सीमा रानी, रामबेटी, चिका शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# आये आये मेरी दाती दे नवरात्रे, सभी ने खुशियां मनाईयां..

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। चैत्र मास के पावन नवरात्र पर्व के छठे दिवस पर श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्री सनातन धर्म सभा एवं श्री सनातन युवा मंच द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित माता की चौकी में मंगलवार की रात्रि भजन गायक कलाकारों ने माता के भजन सुनाकर उपस्थित सभी भक्तों को भक्ति में सराबोर कर दिया। सर्वप्रथम जजमान बब्बर परिवार ने पंडित सालिगराम पाण्डेय व नन्दकिशोर जोशी की अगुवाई में माता की विधि विधान से पूजा अर्चना की। जिसके पश्चात माता की चौकी का शुभारम्भ किया गया। भजन गायक अमित अरोरा ने गुरू वन्दना, गणेश वन्दना, देवी देवताओं का आव्हान व फूलों की वर्षा के भजन सुनाये। जिसके बाद स्थानीय भजन गायक रितेश मनोचा ने हवांवा आईयां ने अज मेरी दाती ने आना है, असां पलकां बिछाईयां ने, तेरे आवन दी मां मैनूं खुशबू आ रही है, लक्खां देके भुल जांदिए, मेरी मां नूं गिनती नहीं आंवदी, आये आये मेरी दाती दे नवरात्रे सभी ने खुशियां मनाईयां,तेरा रंग चढ़या दातिए, सबनूं आसरा तेरा, दे दे मेरी दातिए मंदिर दा कोना, जब भी जी चाहे देख लवां मैं मां तेरा रूप सलोना, तूं देंदी जा माये अस्सी मंगदे रहणा, तेरे रंगा विच मैं रंग जावां जमाने कोलों की लेणा, जिस हाल विच रखें उस हाल में रह जाणा आदि भजन सुनाये। जिन्हें सुनकर सभी श्रद्धालु तालियां बजाते हुए मां की भक्ति में मग्न होकर नाचते रहे। अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान मेयर विकास शर्मा, जसविन्दर सिंह खरबंदा, महेश बब्बर, ओम प्रकाश अरोरा, विजय जग्गा, अश्वनी बजाज, गौरव बेहड़, अमित अरोरा, मनोज मुंजाल, राकेश सुखीजा, राकेश राजदेव, विजय विरमानी, पवन गाबा, राजेश छावड़ा, सचिन मुंजाल, सुरेन्द्र रज्जी, मोहन भुड्डी, राजेन्द्र खनीजो, नरेश छावड़ा, साक्षी सुखीजा, किरन जग्गा, शशि अरोरा, सोनिया अरोरा, बीना बेहड़, पूर्वी बेहड़, सोनिया सुखीजा, आशा गाबा, मानूषी गाबा, संजय जुनेजा, राजकुमार सीकरी, राजकुमार भुसरी, हरीश ईश्पुजानी, अजय बंसल, श्वेता गाबा, विजय जुनेजा, कमल फुटेला, रोहित गोयल, साक्षी गोयल, मोहित बत्रा, साक्षी ग्रोवर, सुरेश जग्गा, रोहित जग्गा, गौरव जग्गा, गुरदीप सिंह गाबा, जतिन सुखीजा, सुमित बब्बर, सचिन तनेजा, गौरव तनेजा, पंकज सुखीजा, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, राजकुमार खनीजो, मनोज अरोरा, सुधीर अरोरा, पंकज बांगा, जुगनूं, सचिन अग्रवाल, महेश अग्रवाल, अदिति अग्रवाल, आस्था अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, मानवी अग्रवाल, सतपाल गाबा, राजेश अरोरा, पुष्पा ग्रोवर, आनन्द, रिंकू ग्रोवर, संजय ठुकराल, गुरकीरत सिंह गाबा, राजन राठौर, रमेश राठौर, विपिन लूथरा, नरेन्द्र अरोरा, साक्षी अरोरा, नीलम ग्रोवर, हरीश गुम्बर, अमित बांगा, स्नेहा मिड्डा, डा. नारायण अदलखा, नरेश शर्मा, गुलशन नारंग, आदि मौजूद थे।



# डा.इंदिरा हृदयेश की जयंती पर श्रद्धांजलि देने उमड़े लोग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखंड की लोकप्रिय जननेता स्व. डॉ. इंदिरा हृदयेश की 85वीं जयंती के अवसर पर स्वराज आश्रम में भव्य स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ नेताओं एवं सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके प्रेरणादायक जीवन को याद किया। जिला एवं महानगर कांग्रेस परिवार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में नैनीताल व ऊधम सिंह नगर से बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। सभी ने स्व. इंदिरा हृदयेश जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए उनके योगदान को नमन किया। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि स्व. इंदिरा हृदयेश का जीवन जनसेवा, संघर्ष और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है। उनके द्वारा उत्तराखंड के विकास और जनता के अधिकारों के लिए किए गए कार्य सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि इंदिरा जी केवल एक जननेता नहीं, बल्कि हम सभी के लिए मार्गदर्शक थीं। उनके संस्कार और जनसेवा की भावना आज भी हमें निरंतर प्रेरित करती है। पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश दुर्गापाल ने कहा कि स्व. इंदिरा हृदयेश एक दूरदर्शी और सशक्त नेतृत्व की प्रतीक थीं। उन्होंने हमेशा आमजन की आवाज को प्राथमिकता दी और जनहित के लिए संघर्ष किया। जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल एवं महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि इंदिरा जी का राजनीतिक जीवन निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण का अनुपम उदाहरण है,



जिसकी भरपाई संभव नहीं।कार्यक्रम के अंत में स्वराज आश्रम में उपस्थित कांग्रेसजनों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे स्व. डॉ. इंदिरा हृदयेश जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए प्रदेश के विकास और जनकल्याण के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाएंगे तथा उनके अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए भरसक प्रयास करेंगे। स्मृति कार्यक्रम में मुख्य रूप से हरीश मेहता, हेमंत बगड़वाल, सुहैल सिद्दीकी,भोला दत्त भट्ट, एन बी गुणवंत, मधु सांगूड़ी, हेम पांडे, मोहन बिष्ट, जाकिर हुसैन, कुंदन नेगी, पुष्कर दानू, मलय बिष्ट, डॉ. मयंक भट्ट, सचिन नेगी, संजय किरौला, नरेश अग्रवाल, राजेंद्र बिष्ट, हरेंद्र बोरा, गोविंद बिष्ट, ललित जोशी, जया कर्नाटक, पार्षद नीमा भट्ट, शोभा बिष्ट, शाहजहां बेगम, कमला सनवाल, राजो टंडन, राधा आर्य, निर्मला जोशी, रेनू तोमर, राधा चौधरी, भगवती बिष्ट, रवि जोशी, मुकुल बलुटिया, मोना शर्मा, शैलेंद्र दानु, नवीन पांडे, दिवेश तिवारी, महेशानंद, इंद्र पाल आर्य, सतनाम सिंह, गुरप्रीत सिंह, बहादुर बिष्ट, विनोद दानी, नेत्र जोशी, संजय रावत, कमल बोरा, रविंद रावत, अमित रावत, मनोज भट्ट, इशरत अली, सालिम सिद्दीकी, सराफत खान, विनोद कोरंगा, गौरव राणा, नितिन बलुटिया, कैलास साह, दीपक साह, डॉ बालम बिष्ट, सुरेंद्र बर्गली, राजेन्द्र उपाध्याय, राजेन्द्र दुर्गापाल, हेमन्त जोशी, नितिन भट्ट, दीप पाठक, जगमोहन चिलवाल, नंदन दुर्गापाल, हिमांशु जोशी, मनीष गोस्वामी, हरभजन भुल्लर, नीरज तिवारी, किरन माहरा, अर्जुन बिष्ट, जगमोहन बगडवाल, कन्नू परगाई, गोविंद बगड़वाल, नीरज मेहरा आदि उपस्थित रहे।

# डिफेंस लैब की बंदी की आशंका पर सांसद अजय भट्ट ने रक्षा मंत्री से की भेंट

## डीआरडीओ की हल्द्वानी लैब को दिल्ली की इकाई से संबद्ध करने पर जताई चिंता

नई दिल्ली/हल्द्वानी। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री और नैनीताल ऊधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र के सांसद अजय भट्ट ने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात कर उन्हें एक महत्वपूर्ण पत्र सौंपा। इस दौरान उन्होंने कुमाऊं क्षेत्र के महत्वपूर्ण संस्थान ष्रक्षा जैव ऊर्जा अनुसंधान संस्थानष (डिबेर) हल्द्वानी की वर्तमान स्थिति और इसे बंद किए जाने की आशंकाओं को लेकर उत्तराखंड के जनमानस में व्याप्त संशय से अवगत कराया।रक्षा मंत्री को सौंपे गए पत्र में सांसद अजय भट्ट ने कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र के निवासियों, व्यापारियों, किसानों और युवाओं में इस प्रयोगशाला के भविष्य को लेकर भारी चिंता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में इस प्रयोगशाला को दिल्ली की दिपासश लैब से संबद्ध कर डीआरडीओ द्वारा एक छोटी परजीवी इकाई के रूप में सीमित कर दिया गया है। क्षेत्र में इसे अत्यंत



नकारात्मक रूप से देखा जा रहा है क्योंकि इससे स्थानीय युवाओं के रोजगार, अप्रेंटिस, इंटर्नशिप, जेआरएफ और एसआरएफ जैसे अवसरों में भारी कमी आई है। साथ ही स्थानीय उद्योगों और उच्च हिमालयी क्षेत्रों के किसानों को मिलने वाले कृषि परामर्श व अन्य लाभ भी लगभग बंद हो गए हैं।अजय भट्ट ने रक्षा मंत्री को जानकारी दी कि 1962 के भारत चीन युद्ध के बाद इस प्रयोगशाला की आवश्यकता महसूस की गई थी। वर्तमान में यह संस्थान हल्द्वानी, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, औली और हर्षिल तक करीब 300 एकड़ भूमि और विकसित बुनियादी ढांचे के साथ फैला हुआ है। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि वर्तमान में हल्द्वानी में ही कुछ कर्मचारी बचे हैं, जबकि पिथौरागढ़ और औली जैसे केंद्रों पर कर्मचारियों की संख्या नगण्य रह गई है। इस कारण करोड़ों के इंफ्रास्ट्रक्चर का सदुपयोग नहीं हो पा रहा है और सरकार को वित्तीय नुकसान उठाना पड़ रहा है।सांसद ने तर्क दिया कि दिल्ली स्थित रक्षा शरीरक्रिया अनुसंधान संस्थान (दिपास) का मुख्य कार्य उच्च हिमालयी क्षेत्रों हेतु सैनिकों की शारीरिक स्थितियों का अध्ययन करना है, जो दिल्ली जैसे महानगर में रहकर वास्तविक रूप में संभव नहीं है। इसलिए उन्होंने रक्षा मंत्री से अनुरोध किया कि दिपास लैब को पूर्ण रूप से दिल्ली से हटाकर हल्द्वानी, पिथौरागढ़, औली, अल्मोड़ा और हर्षिल में प्रतिस्थापित किया जाए। इससे न केवल डीआर डीओ के वैज्ञानिक अपने वास्तविक उद्देश्यों को प्राप्त कर सकेंगे, बल्कि उत्तराखंड के विशाल इंफ्रास्ट्रक्चर का भी समुचित उपयोग सुनिश्चित हो पाएगा।

# दहेज उत्पीड़न में पति समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जगतपुरा क्षेत्र में एक महिला को दहेज के लिए अमानवीय यातनाएं देने और जान से मारने के प्रयास का सनसनीखेज मामला सामने आया है। प्रथम अपर सिविल जज/न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर ट्रांजिट कैंप पुलिस ने पीड़िता के पति, सास और ससुर के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जगतपुरा वार्ड नंबर-5 निवासी उमा मण्डल ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका विवाह 26 जनवरी 2023 को बादल मण्डल के साथ हिंदू रीति-रिवाज से संपन्न हुआ था। आरोप है कि विवाह के कुछ समय बाद ही पति बादल मण्डल, सास शीला मण्डल और ससुर विभूति मण्डल उसे सोने-चांदी के आभूषण और मोटरसाइकिल की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता का आरोप है कि मांग पूरी न होने पर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की जाती थी। महिला ने अपने पति पर अत्यंत गंभीर और अमानवीय आरोप लगाते हुए कहा कि रात के समय उसे निर्वस्त्र कर पीटा जाता था और दीवार पर सिर पटककर जान से मारने की धमकी दी जाती थी।तहरीर के अनुसार, बीती 24 जनवरी 2026 को अभियुक्तों ने पीड़िता का मुंह कपड़े से बांधकर उसे मकान की पहली मंजिल पर ले जाकर जान से खत्म करने की कोशिश की। किसी तरह अपनी जान बचाकर पीड़िता वहां से भाग निकली और खेड़ा स्थित अपनी मौसी के घर पहुंची। पीड़िता ने अपना उपचार और अल्ट्रासाउंड जवाहर लाल नेहरू जिला चिकित्सालय में कराया है। आरोप है कि पूर्व में थाना ट्रांजिट कैंप और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत करने के बावजूद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, जिसके बाद उसे न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। पुलिस ने अब न्यायालय के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ प्रभावी धाराओं में मामला पंजीकृत कर लिया है।

# शहर के मंदिरों में बांटी जाएगी कीर्तन की सामग्री

रुद्रपुर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दूसरे कार्यकाल के सफलतापूर्वक 4 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर देवभूमि उत्तराखंड की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को नई ऊर्जा देने की दिशा में नगर निगम रुद्रपुर ने एक अनूठी पहल की है। चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व के उल्लास को दोगुना करने के लिए निगम प्रशासन ने शहर के सभी 40 वार्डों में स्थित मंदिरों को संकीर्तन सामग्री भेंट करने का निर्णय लिया है। इसके तहत नगर के प्रत्येक कोने में स्थित देवालयों में ढोलक, मंजीरा और भजन-कीर्तन से संबंधित अन्य आवश्यक उपकरण वितरित किए जाएंगे, जिससे पूरा शहर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो उठेगा। महापौर विकास शर्मा ने बताया कि हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराएं समाज को आपस में जोड़ने का काम करती हैं और इन्हें सशक्त बनाना हम सभी का नैतिक दायित्व है।



इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु नगर निगम ने यह संकल्प लिया है कि शहर के किसी भी वार्ड का मंदिर संसाधनों के अभाव में कीर्तन-भजन से वंचित न रहे। महापौर ने कहा कि इन समस्त सामग्रियों का वितरण चौत्र नवरात्रि की पावन अष्टमी के शुभ अवसर पर किया जाएगा, जो कि शक्ति की उपासना का एक महत्वपूर्ण दिन माना जाता है। उनहोंने कहा कि नगर निगम का यह कदम न केवल वर्तमान पीढ़ी को जड़ों से जोड़े रखेगा, बल्कि मंदिरों में होने वाले सामूहिक आयोजनों को भी एक नया स्वरूप प्रदान करेगा।

# शिविरों में 1100 से अधिक लोगों को दी स्वास्थ्य सेवाएं

पंतनगर (उद संवाददाता)। हिंदुस्तान जिंक द्वारा सीएसआर के तहत स्वास्थ्य सेवा पहल के अंतर्गत ममता एचआइएमसी के संयुक्त प्रयास से राजस्थान और उत्तराखंड में संचालित इकाइयों के आसपास के क्षेत्रों में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का सफल आयोजन किया गया। इन शिविरों के माध्यम से आगुचा, चंदेरिया, जावर, दरिबा और पंतनगर में कुल 1,101 लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की गईं। लाभान्वित होने वालों में 561 महिलाएं और 540 पुरुष शामिल रहे।ग्रामीणों की सुविधा और अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए संस्थान द्वारा डोर टू डोर परिवहन सुविधा भी उपलब्ध कराई गई, ताकि दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोग भी आसानी से इन सेवाओं का लाभ ले सकें। शिविरों में स्त्री रोग विशेषज्ञ (गायनेकोलॉजिस्ट),



ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ और जनरल फिजीशियन की अनुभवी टीम ने मरीजों को व्यक्तिगत एवं समग्र परामर्श प्रदान किया। स्वास्थ्य जांच के क्रम में हीमोग्लोबिन, रक्तचाप और रैंडम ब्लड शुगर स्क्रीनिंग जैसी आवश्यक सेवाएं भी निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। इसके साथ ही जरूरतमंदों को दवाइयों का वितरण भी किया गया।यह पहल ग्रामीण और आदिवासी समुदायों के लिए एक सशक्त मॉडल के रूप में उभरी है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच की कमी को दूर कर जरूरतमंदों को समय पर उपचार मिला है। उल्लेखनीय है कि हिन्दुस्तान जिंक की सीएसआर स्वास्थ्य परियोजना से प्रतिवर्ष 2 लाख से अधिक ग्रामीण लाभान्वित हो रहे हैं। इस अभियान ने न केवल बीमारियों की पहचान में मदद की है ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई है।

# टैक्सी चालक के साथ मारपीट,वाहन में तोड़फोड़

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिडकुल ढाल पर एक टैक्सी चालक और उसके दोस्त के साथ मारपीट व वाहन में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। पीड़ित के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।भूरारानी निवासी हरजीत सिंह पुत्र सूरत सिंह ने थाना ट्रांजिट कैंप में दी तहरीर में बताया कि उसका भाई कमलजीत सिंह पेशे से टैक्सी चालक है। बीती 18 मार्च 2026 की रात करीब 9:00 बजे कमलजीत अपने दोस्त के साथ अटरिया रोड स्थित एक दुकान पर पानी की बोतल लेने के लिए रुका था। इस दौरान दुकान पर मौजूद दुकानदार गोविंद मोंटू के साथ कमलजीत के दोस्त की किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर गोविंद मोंटू ने कुछ अज्ञात लोगों के साथ मिलकर गाली गलौज शुरू कर दी और कमलजीत व उसके दोस्त पर हॉकी तथा बेसबॉल के डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले के दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया, लेकिन इस मारपीट में कमलजीत के बाएं पैर के घुटने में गंभीर चोट आई है। हमलावरों ने कमलजीत की टैक्सी संख्या यूके 06टीए 6642 में भी जमकर तोड़फोड़ की, जिससे वाहन को काफी नुकसान पहुंचा है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि आरोपियों की नीयत जान से मारने की थी। घटना के बाद घायल का उपचार कराया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की छानबीन शुरू कर दी है और आरोपियों की पहचान कर उचित कानूनी कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# शिवांगी गंगवार बनी कुर्मी महासभा की प्रदेश अध्यक्ष

रूद्रपुर। सामाजिक संगठन कुर्मी महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष सौरभ गंगवार ने संगठन को विस्तार देते हुए श्रीमती शिवांगी गंगवार को उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। इस नियुक्ति की आधिकारिक घोषणा करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष ने विश्वास जताया कि यह निर्णय प्रदेश में संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सहायक सिद्ध होगा। सौरभ गंगवार ने कहा कि शिवांगी गंगवार ने सदैव संगठन की नीतियों को धरातल पर उतारने में सक्रिय भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व क्षमता और समर्पण को देखते हुए ही उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन को उम्मीद है कि उनके पदभार संभालने से महासभा के उद्देश्यों और सामाजिक कल्याण की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने में गति आएगी और समाज का प्रत्येक वर्ग खुद को संगठन से जुड़ा हुआ



महसूस करेगा।इस मनोनयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए संगठन के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी शिवांगी गंगवार को बधाई दी। पदाधिकारियों का मानना है कि एक ऊर्जावान नेतृत्व के आने से समाजहित के कार्यों को न केवल नई दिशा मिलेगी, बल्कि युवाओं और महिलाओं की भागीदारी भी संगठन में बढ़ेगी। सौरभ गंगवार ने इस दौरान संगठन के मूल मंत्र को दोहराते हुए कहा कि महासभा का मुख्य लक्ष्य समाज का उत्थान, आपसी एकता और सशक्तिकरण है। उन्होंने जोर दिया कि प्रदेश अध्यक्ष की भूमिका इन लक्ष्यों को प्राप्त करने और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने में सबसे महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगी।संगठन के विस्तार की चर्चा के साथ ही केंद्रीय अध्यक्ष सौरभ गंगवार ने उत्तराखंड में ओबीसी वर्ग के सामने आ रही गंभीर प्रशासनिक समस्याओं को लेकर भी आवाज उठाई है। उन्होंने प्रदेश में ओबीसी जाति प्रमाण पत्र के नवीनीकरण की व्यवस्था को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। गंगवार ने स्पष्ट किया कि वर्तमान नियमों के अनुसार ओबीसी वर्ग के नागरिकों को हर तीन साल में अपना जाति प्रमाण पत्र रिन्यू कराना पड़ता है, जिससे समाज के लोगों को अनावश्यक मानसिक और प्रशासनिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इस मुद्दे पर राजनीतिक उदासीनता को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह बेहद चिंताजनक है कि उत्तराखंड विधानसभा में 70 विधायक होने के बावजूद, पिछड़ा वर्ग की इस ज्वलंत समस्या को सदन में प्रभावी ढंग से नहीं उठाया गया। उन्होंने ओबीसी समाज के हितों की अनदेखी बताया और सरकार से इस नियम में तत्काल सुधार कर व्यवस्था को सरल बनाने की मांग की।

# दो शातिर हथियार तस्कर गिरफ्तार,पंप एक्शन गन और पिस्टल बरामद

काशीपुर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अपराध मुक्त देवभूमि अभियान को साकार करने की दिशा में ऊधमसिंह नगर पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में चलाए जा रहे अवैध शस्त्र विरोधी अभियान के तहत कोतवाली जसपुर पुलिस और एसटीएफ कुमाऊं की संयुक्त टीम ने दो शातिर हथियार तस्करों को गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। तस्करों के कब्जे से भारी मात्रा में अवैध हथियार और कारतूस बरामद किए गए हैं।पुलिस अधीक्षक काशीपुर और क्षेत्राधिकारी काशीपुर के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक जसपुर के नेतृत्व में मंगलवार को एसटीएफ कुमाऊं और जसपुर पुलिस ने पतरामपुर अंडर पास सर्विस रोड कट के पास घेराबंदी की। इस दौरान एक संदिग्ध स्विफ्ट डिजायर कार संख्या यूके 05एक्स 6583 को रोककर तलाशी ली गई। पुलिस टीम ने कार सवार दो अभियुक्तों को दबोच लिया। पकड़े गए अभियुक्तों में शमशेर सिंह निवासी ग्राम हाजिरो थाना जसपुर और सिमरनदीप सिंह निवासी अंजनिया फार्म थाना पुलभट्टा शामिल हैं।तलाशी के दौरान अभियुक्त शमशेर



सिंह के पास से एक .32 बोर की अवैध पिस्टल और 05 जिंदा कारतूस बरामद हुए। वहीं दूसरे अभियुक्त सिमरनदीप सिंह के कब्जे से भी एक .32 बोर की अवैध पिस्टल और 05 जिंदा कारतूस मिले। जब पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त वाहन की गहनता से जांच की तो कार के भीतर से 02 घातक पंप एक्शन गन (12 बोर) बरामद हुई। पुलिस ने अवैध हथियारों के साथ ही तस्करी में इस्तेमाल की जा रही कार को भी जब्त कर लिया है।इस संबंध में कोतवाली जसपुर में अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 109/2026 के तहत धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मामला पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस द्वारा अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास और हथियारों की आपूर्ति के स्रोतों के बारे में भी पूछताछ की जा रही है।सफलता प्राप्त करने वाली टीम में उप निरीक्षक एवं चौकी प्रभारी पतरामपुर गोविंद सिंह मेहता, कांस्टेबल विक्रम सिंह और सुभाष चंद्र शामिल रहे। वहीं एसटीएफ कुमाऊं टीम से उप निरीक्षक विनोद जोशी, हेड कांस्टेबल महेंद्र गिरी, किशोर कुमार तथा कांस्टेबल वीरेंद्र चौहान और जितेंद्र कुमार ने इस महत्व पूर्ण कार्रवाई में मुख्य भूमिका निभाई।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय


सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## धर्मांतरण के संवैधानिक प्रावधान

सर्वोच्च न्यायालय ने आरक्षित वर्ग और धर्मांतरण से जुड़े मसले पर मंगलवार को स्पष्ट एवं महत्त्वपूर्ण फैसला सुनाया है। इसके मुताबिक, हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म छोड़कर कोई दूसरा धर्म अपनाने वाला अनुसूचित जाति मूल का व्यक्ति या परिवार संरक्षण, आरक्षण या अन्य वैधानिक लाभ का पात्र होने का दावा नहीं कर सकता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार धर्म परिवर्तन के साथ ही उसका अनुसूचित जाति का दर्जा समाप्त हो जाता है।शीर्ष अदालत के इस फैसले को लंबे समय से चल रही उस बहस पर निर्णायक माना जा रहा है, जिसमें यह दावा किया जा रहा था कि भले ही किसी व्यक्ति ने धर्म परिवर्तन कर लिया हो, लेकिन उसकी मूल सामाजिक पृष्ठभूमि के आधार पर उसे आरक्षित श्रेणी का लाभ मिलना चाहिए। ऐसे मामले अक्सर सामने आते रहते हैं कि धर्म परिवर्तन के बाद भी लोग खुद को आरक्षित श्रेणी का लाभ पाने का हकदार मानते हैं। मगर अदालत ने अपने निर्णय में साफ कर दिया है कि इस तरह का कोई भी दावा मान्य नहीं हो सकता है।दरअसल, यह मामला आंध्र प्रदेश से सर्वोच्च्च न्यायालय पहुंचा था। याचिकाकर्ता ने ईसाई धर्म अपना लिया था, इसके बावजूद वह खुद को अनुसूचित जाति का सदस्य बताते हुए अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिनियम के तहत संरक्षण प्रावधानों के लाभ की मांग कर रहा था। आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने इससे संबंधित याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि धर्म परिवर्तन के बाद किसी व्यक्ति को अनुसूचित जाति का दर्जा नहीं दिया जा सकता।इसे जागरूकता का अभाव कहा जाएगा या व्यवस्था में अस्पष्टता कि आरक्षित वर्ग से जुड़े लोगों में आज भी यह भ्रम है कि अगर वे हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म छोड़कर कोई दूसरा धर्म अपना लेते हैं, तब भी उन्हें अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिनियम का लाभ मिलता रहेगा। मगर अब शीर्ष अदालत ने स्पष्ट कर दिया है कि ऐसे व्यक्ति को संविधान, संसद या राज्य विधानमंडल के किसी कानून के तहत कोई भी वैधानिक लाभ, संरक्षण या आरक्षण नहीं दिया जा सकता। यह पूरी तरह प्रतिबंधित है और इसमें कोई अपवाद नहीं है।गौरतलब है कि धर्म परिवर्तन करने वालों की जातिगत स्थिति से जुड़े सवाल केवल अदालतों तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि इस मसले को राजनीतिक नफा-नुकसान के चश्मे से भी देखा जाता है। कर्नाटक के राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की ओर से पिछले दिनों की गई जाति गणना में उस वक्त विवाद खड़ा हो गया था, जब ईसाई समुदाय के अंतर्गत तैंतीस जातियों को सूचीबद्ध किया गया। तब विपक्ष के विरोध और राज्यपाल के सुझाव के बाद इन समुदायों को सूची से हटा दिया गया, हालांकि चार श्रेणियों को बरकरार रखा गया। ऐसे में यह सवाल भी महत्त्वपूर्ण है कि आरक्षित वर्ग और धर्मांतरण से जुड़े मसले पर शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में जिस तरह स्थिति स्पष्ट की है, क्या इस तरह की पहल सरकारी स्तर पर नहीं की जा सकती थी? जबकि संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 में स्पष्ट किया गया है कि किसी भी धर्म को छोड़कर दूसरा धर्म अपनाने पर अनुसूचित जाति का दर्जा तुरंत समाप्त हो जाता है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिनियम का सुरक्षात्मक ढांचा उन लोगों तक विस्तारित नहीं किया जा सकता, जिन्होंने धर्म परिवर्तन करके इस सामाजिक और कानूनी श्रेणी से बाहर निकलने का विकल्प चुना है।

## हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

किच्छा (उद संवाददाता)। रुद्रपुर -किच्छा हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में लालकुआं निवासी युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से हुए इस हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, नैनीताल जिले के लालकुआं कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत



खड्डी मोहल्ला, सुभाष नगर वार्ड नंबर 5 निवासी रिजवान (28 वर्ष) पुत्र महकूं खां किसी कार्य से किच्छा आया हुआ था। मंगल वार देर शाम जब वह रुद्रपुर रोड पर पैदल हाईवे पार कर रहा था, तभी एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि रिजवान सड़क पर लहूलुहान होकर गिर पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही लालपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतक की तत्काल पहचान न हो पाने के कारण पुलिस ने उसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल की। फोटो देखकर मृतक के पिता और परिजन अस्पताल पहुंचे, जिसके बाद उसकी शिनाख्त हो सकी। बताया जा रहा है कि रिजवान तीन भाइयों में सबसे बड़ा था और उसकी मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस इसे हिट एंड रन का मामला मानकर आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि फरार वाहन और उसके चालक का पता लगाया जा सके।

## उत्तराखंड में टीबी मुक्त भारत के लिए 100 दिवसीय सघन अभियान शुरू

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह सेवानिवृत्त ने मंगलवार को लोक भवन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखंड द्वारा विश्व टीबी दिवस के अवसर पर 100 दिन सघन टीबी उन्मूलन अभियान का






शुभारंभ किया। इस अभियान के अंतर्गत उन्होंने मोबाइल वैन को भी रवाना किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने टीबी रोगियों को गोद लेकर नियमित निगरानी एवं मानसिक संबल प्रदान करने वाले निक्षय मित्रों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में राज्यपाल ने टीबी उन्मूलन की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जनपद देहरादून, ऊधमसिंह नगर एवं पिथौरागढ़ को सम्मानित किया तथा टीबी से स्वस्थ हुए टीबी चौंपियनों का भी उत्साहवर्धन किया।राज्यपाल ने टीबी मुक्त भारत अभियान को जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि टीबी उन्मूलन केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है बल्कि इसके लिए जनभागीदारी और सामूहिक संकल्प आवश्यक है। उन्होंने कहा कि टीबी से स्वस्थ हुए लोग असली योद्धा हैं और समाज के लिए प्रेरणा बन सकते हैं। उन्होंने टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में कार्य कर रहे सभी लोगों, स्वयं सेवी संस्थाओं और स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इन सभी की मेहनत से उत्तराखंड अग्रणी राज्यों में शामिल है। राज्यपाल ने इस अभियान के 100 दिनों को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इस अवधि में ठोस लक्ष्य निर्धारित कर उनकी जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हर दिन महत्वपूर्ण है और छोटे छोटे प्रयासों से ही बड़े परिणाम प्राप्त होते हैं। उन्होंने जागरूकता की कमी को एक बड़ी चुनौती बताते हुए कहा कि लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना होगा और संकोच एवं भ्रांतियों को दूर करना होगा।इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि आज भी कई लोग आर्थिक कठिनाइयों के कारण इस बीमारी से अधिक प्रभावित होते हैं। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि 21वीं सदी में कोई भी व्यक्ति आर्थिक अभाव के कारण टीबी का शिकार न हो। उन्होंने विश्वास जताया कि सामूहिक प्रयासों से प्रदेश को शीघ्र ही टीबी मुक्त बनाया जा सकेगा। कार्यक्रम के अंत में टीबी उन्मूलन एवं जागरूकता की शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम में उपाध्यक्ष एनएचएम सुरेश भट्ट, सचिव स्वास्थ्य सचिन कुर्वे, महानिदेशक स्वास्थ्य डॉक्टर सुनीता टम्टा, निदेशक एनएचएम डॉक्टर रश्मि पंत सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी व मेडिकल कॉलेज के छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## टीबी उन्मूलन में उधम सिंह नगर को राज्य में द्वितीय स्थान

### राज्यपाल ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अग्रवाल को किया सम्मानित

रूद्रपुर। टीबी उन्मूलन अभियान में उत्कृष्ट कार्य करते हुए जनपद उधम सिंह नगर ने राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम की है। इस सराहनीय उपलब्धि के लिए जनपद को महामहिम राज्यपाल जनरल गुरमीत सिंह (सेनि0) द्वारा मंगलवार को लोक भवन देहरादून में स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखण्ड की ओर से आयोजित विश्व टीबी दिवस के अवसर पर 100 दिन सघन टीबी उन्मूलन अभियान के शुभारम्भ के अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 केके अग्रवाल को सम्मानित किया गया। यह सम्मान टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जनभागीदारी बढ़ाने, रोगियों की समय पर पहचान, नियमित निगरानी, पूर्ण उपचार सुनिश्चित करने तथा व्यापक जनजागरूकता अभियानों के सफल



क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप प्राप्त हुआ है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 के0के0 अग्रवाल के कुशल नेतृत्व एवं प्रभावी मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने समन्वित प्रयास करते हुए टीबी मुक्त भारत अभियान को जन-जन तक पहुँचाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में टीबी रोगियों के लिए विशेष निगरानी तंत्र विकसित किया गया है तथा उपचार के प्रत्येक चरण पर सतत फॉलोअप सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे रोगमुक्ति दर में निरंतर सुधार दर्ज किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि यह उपलब्धि स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों, आशा कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा जनसामान्य के सहयोग और समर्पण का परिणाम है। जनसहभागिता के बिना इस प्रकार की सफलता संभव नहीं है।जनपद प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त करने का संकल्प दोहराया गया है, ताकि पूर्णतः टीबी मुक्त जनपद को बनाया जा सके।

## नानकमत्ता महाविद्यालय में एनएसएस का शिविर आयोजित

नानकमत्ता। महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय, नानकमत्ता में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) द्वारा एकदिवसीय शिविर के अंतर्गत नशामुक्ति जागरूकता एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर अंजला दुर्गापाल ने किया। अपने प्रेरणादायक संबोधन में उन्होंने कहा कि "स्वच्छता और नशामुक्ति, दोनों ही एक स्वस्थ एवं सशक्त समाज के आधार स्तंभ हैं। युवाओं को इन



दोनों क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना चाहिए।"एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीनाक्षी ने युवाओं की भूमिका पर विशेष बल देते हुए कहा कि "नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक जीवन को प्रभावित करता है। यदि युवा वर्ग इससे दूर रहकर जागरूकता फैलाने का संकल्प ले, तो एक स्वस्थ और सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है।" उन्होंने स्वयंसेवकों से नशामुक्ति एवं स्वच्छता को जन-अभियान बनाने का आह्वान किया नशा मुक्ति नोडल अधिकारी डॉ. निशा आर्या ने कहा कि नशामुक्ति और स्वच्छता दोनों ही निरंतर चलने वाले सामाजिक अभियान हैं, जिनमें प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने स्वयंसेवकों को अनुशासन, सेवा-भाव और टीम भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। समाज की पहचान है। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. अंजला दुर्गापाल, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीनाक्षी, प्रो. मृत्युंजय शर्मा, डॉ. निवेदिता अवस्थी, डॉ. उमेश जोशी, डॉ. ललित सिंह बिष्ट, डॉ. शशि प्रकाश सिंह, डॉ. निशा परवीन, डॉ. निशा आर्या, डॉ. आशा गढ़िया, डॉ. दर्शन सिंह मेहता, महेश कन्याल, राम जगदीश सिंह, विपिन थापा, सुनील उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मीनाक्षी एवं डॉ. निशा आर्या किया।

## श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता:धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चार धाम यात्रा-2026 की



तैयारियों के संबंध में कहा कि चार धाम यात्रा प्रदेशवासियों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर है। इस दौरान उत्तराखण्डवासी देश और दुनिया भर से आने वाले श्रद्धालुओं का आत्मीय स्वागत करते हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष चार धाम यात्रा का शुभारंभ 19 अप्रैल से है, जिसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां युद्धस्तर पर की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रा को सुचारू, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए सड़कों के सुदृढ़ीकरण, अवस्थापना सुविधाओं के विकास, दर्शन व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन तथा परिवहन व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि यात्रा मार्गो पर सभी मूलभूत सुविधाएं-जैसे पेयजल, शौचालय, स्वास्थ्य सेवाएं और यातायात प्रबंधन-सुनिश्चित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 की यात्रा प्राकृतिक आपदाओं के कारण डेढ़ महीने से अधिक समय तक बाधित रही थी, इसके बावजूद 51 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने चार धाम के दर्शन किए। उन्होंने कहा कि जानकारी दी कि वर्ष 2026 की चार धाम यात्रा के लिए अब तक 10 लाख से अधिक श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके हैं। साथ ही गढ़वाल मंडल विकास निगम के अतिथि गृहों में 5 करोड़ रुपये से अधिक की अग्रिम बुकिंग हो चुकी है, जो यात्रा के प्रति बढ़ते उत्साह को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रदेश में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुखद चार धाम दर्शन कराना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। इसके लिए शासन एवं प्रशासन को लगातार सतर्क रहते हुए व्यवस्थाओं की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यात्रा से जुड़े सभी हितधारकों-जैसे अतिथि गृह संचालक, ढाबा संचालक, टैक्सी एवं परिवहन सेवाओं से जुड़े लोग-के साथ अभी से समन्वय एवं संवाद स्थापित कर लिया गया है, ताकि यात्रा के दौरान बेहतर सेवाएं सुनिश्चित की जा सकें। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा समय-समय पर चार धाम यात्रा से संबंधित आवश्यक सूचनाएं श्रद्धालुओं तक पहुंचाई जाती रहेंगी, जिससे वे अपनी यात्रा को बेहतर ढंग से नियोजित कर सकें। शासन को चार धाम यात्रा की तैयारी की निरंतर समीक्षा के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी भी स्वयं चार धाम यात्रा की तैयारियों की जल्द ही समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से चार धाम यात्रा-2026 को और अधिक सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं श्रद्धालु- अनुकूल बनाया जाएगा।

# उपजिलाधिकारी ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत

किच्छा (उद संवाददाता)। क्षेत्र के पीएम श्री राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी (एसडीएम) गौरव पांडे ने





दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमुदाय का मन मोह लिया। वार्षिकोत्सव के अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के लोक नृत्य, शिक्षाप्रद नाटक और शारीरिक व्यायाम के शानदार प्रदर्शन किए। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के पश्चात आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। साथ ही विद्यालय प्रबंधन की ओर से अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को संबोधित करते हुए एसडीएम गौरव पांडे ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ष्सीखने की प्रक्रिया जीवनभर चलती है और इसकी कोई सीमा नहीं होती, लेकिन औपचारिक शिक्षा ग्रहण करने की एक निश्चित आयु सीमा निर्धारित है। तरुण अवस्था में जो विद्यार्थी शिक्षा ले रहे हैं, उन्हें इस समय का सदुपयोग कर पूर्ण ज्ञान अर्जित कर लेना चाहिए।ष उन्होंने जोर देकर कहा कि उम्र कभी सीखने में बाधा नहीं बनती, लेकिन शैक्षणिक डिग्री और विद्यालयी ज्ञान के लिए निर्धारित समय के भीतर ही सभी कार्य पूर्ण कर लेना भविष्य के लिए हितकारी होता है। एसडीएम ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि सरकार प्रत्येक बच्चे तक शिक्षा पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। ध रातल पर मुफ्त किताबें, स्कूल ड्रेस, वजीफा और मिड-डे मील जैसी तमाम योजनाएं संचालित हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे सरकार द्वारा दी जा रही इन सुविधाओं का लाभ उठाते हुए निरंतर अपने मार्ग पर आगे बढ़ें और देश के जिम्मेदार नागरिक बनें।इस अवसर पर मुख्य शिक्षा अधिकारी हरेंद्र कुमार मिश्रा, खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्मद जावेद आलम, विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित समस्त शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में अभिभावक व स्थानीय गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# दोस्त को जेल भेजने की रची साजिश

रुद्रपुर/पंतनगर। ( उद संवाददाता)। एक सनसनीखेज मामले में एक युवक ने अपने ही मित्र को झूठे मुकदमे में फंसाने के लिए उसकी गाड़ी में अवैध हथियार और नशीला पदार्थ रखवा दिया। इतना ही नहीं, पुलिस का डर दिखाकर आरोपी ने पीड़ित के परिवार से लाखों रुपये की वसूली भी कर ली। अब पीड़ित ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रुद्रपुर की अदालत में प्रार्थना-पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। वार्ड 10, जवाहरनगर निवासी रजत वर्मा ने बताया कि उसके पुराने मित्र नीरज उपाध्याय ने उसे साजिश के तहत हल्द्वानी बुलाया। वहां एक अज्ञात व्यक्ति के माध्यम से शगिफ्टश के बहाने रजत की गाड़ी यूके 04 एबी 5287 में कुछ डिब्बे रखवा दिए गए। शक होने पर जब उसने डिब्बों की तलाशी ली, तो उनमें कपों के साथ एक देशी कट्टा और संदिग्ध नशीला पदार्थ बरामद हुआ।रजत का आरोप है कि घटना के तुरंत बाद आरोपी नीरज ने उसे फोन कर पुलिस चेकिंग का डर दिखाया और 52 दिनों तक देहरादून में छिपे रहने को मजबूर किया। इस दौरान नीरज ने उसका मोबाइल बंद करवाकर उसे एक फर्जी सिम कार्ड उपलब्ध कराया। उसकी अनुपस्थिति का फायदा उठाकर नीरज ने उसके पिता को गुमराह किया और 9.50 लाख रुपये की मोटी रकम ऐंठ ली। साथ ही उसकी चेकबुक से चेक चोरी कर फर्जी हस्ताक्षर भी किए। मामला तब खुला जब रजत ने अपने परिजनों से संपर्क किया और उसे नीरज की बदनीयती का अहसास हुआ। रजत का कहना है कि रुद्रपुर लौटने पर नीरज ने उसको ट्रैक करना शुरू कर दिया और उसके साथियों अरुण और कमलेश को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी। रजत का दावा है कि नीरज के पास अवैध रिवॉल्वर है और उससे उसे व उसके गवाहों की जान को गंभीर खतरा है। रजत वर्मा ने बताया कि उसने पूर्व में थाना पंतनगर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई न होने पर उसे अदालत की शरण लेनी पड़ी।

# घायल युवक को पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बगवाड़ा मंडी परिसर में बुधवार को एक अज्ञात युवक गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों द्वारा सूचना दिए जाने पर बगवाड़ा पुलिस चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह रिंगवाल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तत्काल कार्रवाई करते हुए घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बगवाड़ा मंडी में एक युवक को लहूलुहान हालत में पड़ा देख मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। युवक के सिर पर गहरे घाव के निशान थे और वह काफी दर्द में था। घटना की जानकारी मिलते ही चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह रिंगवाल, कांस्टेबल ललित मोहन और कांस्टेबल दिलीप कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्काल 108 एम्बुलेंस को सूचित किया और घायल युवक को प्राथमिक उपचार के साथ जिला अस्पताल भेजा। घायल युवक की स्थिति इतनी गंभीर है कि वह अपना नाम और पता बताने की स्थिति में नहीं है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि युवक किसी हादसे का शिकार हुआ है या उस पर जानलेवा हमला किया गया है। सच्चाई का पता लगाने के लिए पुलिस मंडी परिसर और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस का कहना है कि युवक के होश में आने के बाद ही पूरी स्थिति साफ हो पाएगी।



# महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर शुरू

किच्छा ।राजकीय महाविद्यालय किच्छा में राष्ट्रीय सेवा योजना के गठन के उपरान्त प्रथम बार सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर प्रारंभ में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के संरक्षक व प्राचार्य डॉ राजीव रतन ने कार्यक्रम को सफल रूप से आयोजित करने के लिए और छात्र-छात्राओं के बीच समाज सेवा व अन्य सामाजिक व व्यक्तिगत विषयों के प्रति जागरूक करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बताया ।इस कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं को अपनी भागीदारी करनी चाहिए राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक डॉक्टर विजयानन्द व सह संयोजक डॉक्टर मनीष पांडे ने कार्यक्रम की रूपरेखा रखते हुए मंच का संचालन किया। शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खुरपिया गांव की प्रधान श्रीमती पूजा रही और साथ ही इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भागीदारी की कार्यक्रम के उद्घाटन में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉक्टर नरेश कुमार और डॉक्टर प्रकाश चंद भट्ट ने एनएसएस के उद्देश्य सिद्धांत और एनएसएस की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत सुबह योगा प्रशिक्षक श्री प्रकाश बुदलकोटी के द्वारा योगा अभ्यास कार्यक्रम से की गई। तत्पश्चात खुरपिया गांव का दौरा करते हुए गांव में स्वास्थ और साक्षरता के प्रति जागरूक किया गया। दोपहर में भोजनावकाश के उपरान्त बौद्धिक सत्र में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ नरेश कुमार के निर्देशन में साइबर सुरक्षा के लिए सभी छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया।



# सिलाई सीखने वाली युवती को भगा ले गया दर्जी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुखानी थाना क्षेत्र में करीब एक साल से दुकान पर सिलाई सिखाने वाले दर्जी पर एक युवती की बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगा है। पुलिस ने मामले में अपहरण का मुकदमा दर्ज कर युवती की खोजबीन शुरू कर दी है।अमरावती कॉलोनी, मुखानी निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 19 साल की बेटी 26 फरवरी को स्कूल जाने के लिए घर से रवाना हुई थी, लेकिन शाम तक वापस घर नहीं लौटी। दर्ज रिपोर्ट में परिजनों ने दर्जी की दुकान चलाने वाले पीलीभीत निवासी रहमत नाम के युवक पर बेटी को बहला फुसलाकर भगाने का आरोप लगाया है। एसपी सिटी मनोज कत्याल के मुताबिक युवती एक साल से दर्जी के पास काम सीखने के लिए जा रही थी।

# तहसील में दलालों का बोलबाला

काशीपुर। संपत्ति विवाद के एक मामले में एडीएम नजूल के आदेश को मूर्त रूप देने के लिए तहसील के एक अधिकारी ने सुरक्षा गार्ड के माध्यम से 15 हजार में सौदा किया। पैसा देने के बाद जब घूसखोरी अधिकारी मौके पर पहुंचा तो पता चला की संपत्ति किसी और की है। यानी पीड़ित पक्ष को न्याय के नाम पर धन और धर्म दोनों से हाथ धोना पड़ा। जानकारी के मुताबिक नीझड़ा इलाके में एक व्यक्ति द्वारा क्रय किए गए संपत्ति का विवाद निस्तारित ना होने पर एडीएम नजूल की अदालत में रुद्रपुर पहुंचा। लंबे समय तक चली सुनवाई के बाद एडीएम नजूल ने पीड़ित के पक्ष में फैसला सुनाते हुए संबंधित थाना पुलिस व तहसील के अधिकारियों को उक्त विवादित संपत्ति पर कब्जा करने के निर्देश दिए। आदेश की कॉपी लेकर जब पीड़ित अधिकारियों से मिला तो पहले सौदा 6 हजार में तय हुआ। बात नहीं बनी तो पैसा वापस होने के बाद कोर्ट के आदेश को अमल में लाने के नाम पर सुरक्षा गार्ड के माध्यम से पीड़ित से 15 हजार लिए गए।

# देवनगर की स्वरांजलि मंडल ने नवोदय में मारी बाजी

शक्तिफार्म।देवनगर निवासी प्रणय मंडल की पुत्री स्वरांजलि मंडल ने अपनी मेहनत और लगन से बड़ी सफलता हासिल करते हुए नवोदय विद्यालय में चयन प्राप्त किया है। इस उपलब्धि से परिवार ही नहीं, पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।स्वरांजलि वर्तमान में नगर के एक निजी विद्यालय में अध्ययनरत है। अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण के बल पर उसने यह मुकाम हासिल किया है। उसकी इस सफलता पर परिजनों, शिक्षकों और परिचितों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।होनहार छात्रा स्वरांजलि ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने पिता प्रणय मंडल, दादा माखन मंडल तथा क्वांट्स एकेडमी के संचालक नीरज हालदार को दिया है। उन्होंने कहा कि परिवार और शिक्षकों के मार्गदर्शन व सहयोग से ही यह सफलता संभव हो पाई।



## पेज एक का शेष...

**धामी कैबिनेट ने ...**तहत बिजली उपभोक्ताओं को मिलने वाली सब्सिडी का लाभ अब 31 मार्च 2025 तक जारी रखने का निर्णय लिया गया है। साथ ही, लोक निर्माण विभाग में एक करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं के लिए विशेषज्ञ कंसल्टेंसी को भी हरी झंडी दी गई है, जिससे राज्य में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और तकनीक में सुधार होगा। कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के माध्यम से राज्य में 2.2 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। किसानों को आर्थिक लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से तय किया गया है कि गेहूं और धान की खरीद पर मंडी शुल्क का उतना ही भार राज्य सरकार वहन करेगी जितना केंद्र सरकार द्वारा दिया जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में एडेड स्कूलों की समस्याओं के समाधान के लिए एक उच्च स्तरीय उप-समिति के गठन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इसके अतिरिक्त, देश में लागू हुई नई भारतीय न्याय संहिता के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विशेषज्ञों के माध्यम से प्रशिक्षण दिलाने और नियोजन विभाग के अंतर्गत शसेतु आयोगश के संगठनात्मक ढांचे को भी अंतिम रूप दिया गया है। इन फैसलों से स्पष्ट है कि सरकार का ध्यान स्वरोजगार, पारदर्शी भर्ती और किसान कल्याण पर केंद्रित है।

**रूद्रपुर में सामने आया...**पा रही है। हैरत की बात तो यह है कि सरकारी जमीन होने वाले कब्जे की मॉनिटरिंग करने और ऐसे अतिक्रमण को रोकने के लिए निर्मित की गई सैटेलाइट प्रणाली भी ऐसे अवैध निर्माण को पकड़ नहीं पा रही। और तो और, इस इलाके में काफी अरसे से कोई सत्यापन अभियान भी स्थानीय पुलिस द्वारा नहीं चलाया गया है।

**अतिक्रमण का चिन्हीकरण..** सुगम बनाने हेतु हाईवे का चौड़ीकरण अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगले दो-तीन दिनों के भीतर सभी संबंधित अतिक्रमणकारियों को औपचारिक नोटिस जारी किए जाएंगे। नोटिस मिलने के 15 दिनों के भीतर यदि अतिक्रमण स्वयं नहीं हटाया गया, तो प्रशासन बलपूर्वक ध्वस्तीकरण की कार्रवाई अमल में लाएगा। एडीएम ने यह भी आश्वासन दिया कि यदि चौड़ीकरण की जद में किसी की फ्री-होल्ड प्रॉपर्टी या वैध दुकानें आती हैं, तो नियमानुसार उनकी सुनवाई कर मुआवजे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। प्रशासनिक योजना के अनुसार, केवल त्रिशूलक चौक ही नहीं बल्कि शहर के डीडी चौक को भी जाम मुक्त करने के लिए चौड़ीकरण की डीपीआर तैयार हो चुकी है। अतिक्रमण हटने के तुरंत बाद इन दोनों चौराहों पर निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह बदल जाएगी। निरीक्षण के दौरान मौजूद नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पांडे ने बताया कि त्रिशूल चौक के पास नगर निगम की लगभग 23 दुकानों का कुछ हिस्सा भी अतिक्रमण की जद में आ रहा है। उन्होंने बताया कि पूर्व में नगर पालिका द्वारा आवंटित दुकानों के आगे दुकानदारों ने अवैध रूप से टीन शेड डालकर अतिक्रमण कर लिया है। नगर आयुक्त ने साफ लहजे में कहा कि डिवाइडर से 100 फीट के दायरे में आने वाले हर अवैध निर्माण को सख्ती से हटाया जाएगा। इस अभियान के दौरान प्रशासन की सक्रियता देख दुकानदारों और अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा रहा। टीम में तहसीलदार, पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता और नगर निगम के अधिकारी मुख्य रूप से शामिल रहे।

**सिडकुल में युवक का ...**पास से कोई भी पहचान पत्र या दस्तावेज बरामद नहीं हुआ है जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। हालांकि, उसकी जेब से एक मोबाइल फोन मिला है जो फिलहाल बंद अवस्था में है। पुलिस अब तकनीकी टीम की मदद से उक्त मोबाइल को चालू करने और उसके संपर्कों के जरिए मृतक की पहचान स्थापित करने की कोशिश कर रही है। पुलिस ने मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शिनाख्त होने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

**युवक ने दराती से ...**अपने छोटे बेटे दीपक रावत को मदद के लिए बुलाया और दोनों ने मिलकर किसी तरह प्रदीप के हाथ से दरांती छीनी। इसके बाद घायल युवक भागकर पास के खेत में जाकर लेट गया। परिजनों के अनुसार प्रदीप सिंह रावत लंबे समय से नशे का आदी है और पिछले कुछ दिनों से उसका व्यवहार पूरी तरह असामान्य हो गया था। वह लगातार घर वालों से यह कह रहा था कि उस पर किसी भूत प्रेत का साया है, जिससे परिवार के लोग भी काफी चिंतित थे। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर 108 एम्बुलेंस की मदद से घायल को रामनगर के सरकारी अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद घाव गहरा होने और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उसे उच्च चिकित्सा केंद्र के लिए रेफर कर दिया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और युवक के होश में आने का इंतजार किया जा रहा है ताकि घटना के वास्तविक कारणों का पता चल सके।

**नाली में गिरने से ...**चिकित्सालय भिजवाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और उसकी शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिये। बताया जाता है कि मृतक युवक के एक हाथ में आरके नाम गुदा हुआ है जबकि दूसरे हाथ की दो अंगुलियां कटी हुई हैं।




संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# व्यावसायिक एलपीजी सिलिंडरों का कोटा दोगुना, नई एसओपी की जारी

देहरादून। प्रदेश में व्यावसायिक एलपीजी सिलिंडरों की कमी से होने वाली दिक्कतों को देखते हुए इसका कोटा दोगुना कर दिया गया है। शासन ने सिलिंडरों के वितरण को लेकर नई एसओपी जारी की है। 2650 सिलिंडरों के स्थान पर अब हर दिन 5300 व्यावसायिक एलपीजी सिलिंडरों का वितरण किया जाएगा। नई एसओपी के मुताबिक होम स्टे और स्वयं सहायता समूहों के प्रतिष्ठानों को अब 130 के स्थान पर हर दिन 260 सिलिंडर दिए जाएंगे। जबकि पेइंग गेस्ट सुविधा वाले छात्रों के आवासों के लिए 300, औद्योगिक कैंटिनों के लिए 300, डेयरी एवं खाद्य प्रसंस्करणों के लिए 260, सरकारी एवं सरकारी नियंत्रण के गेस्ट हाउसों के लिए 300, रेस्टोरेंट एवं ढाबों को 2000 और होटल एवं रिजॉर्ट को 1500 एवं फार्मास्युटिकल के लिए हर दिन 380 सिलिंडर दिए जाएंगे। विभाग के अधिकारियों के मुताबिक पूर्व में इसके लिए निर्धारित 20 प्रतिशत कोटे



को बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दिया गया है। प्रदेश में हर दिन 5300 व्यावसायिक सिलिंडरों का यह आवंटन राज्य की तीन आपूर्तिकर्ता तेल व गैस कंपनियों आईओसीएल, बीपीसीएल एवं एचपीसीएल की बाजार में वर्तमान हिस्सेदारी के अनुरूप किया जाएगा। आदेश में कहा गया है कि तीनों कंपनियां आपूर्ति करेंगी और इस संबंध में संबंधित जिलाधिकारियों को सूचित करेंगी। खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के मुताबिक केंद्र सरकार की ओर से व्यावसायिक एलपीजी सिलिंडरों का 10 प्रतिशत कोटा इस शर्त पर बढ़ाने का आश्वासन मिला है कि राज्य में पाइपलाइन के माध्यम से आने वाली गैस को लेकर और काम किया जाएगा। केंद्र के साथ शासन की वर्चुअल माध्यम से हुई बैठक के बाद मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने सभी जिलाधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए हैं। खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के मुताबिक राज्य में व्यावसायिक एलपीजी सिलिंडरों को लेकर कुछ दिक्कत है, विभाग ने भी माना की इसकी कमी बनी है लेकिन यह कमी व्यावसायिक एलपीजी सिलिंडरों की कटौती कर घरेलू गैस सिलिंडरों की आपूर्ति करने की वजह से बनी है। वहीं, घरेलू गैस की पर्याप्त आपूर्ति के बाद भी पैनिक बुकिंग की वजह से दिक्कत आ रही है। विभाग का कहना है कि लोगों ने सिलिंडरों को होल्ड करना शुरू कर दिया है।

## सीएम ने रेस्टोरेंट में लिया गैस आपूर्ति का जायजा

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गढ़ी कैंट क्षेत्र में एक रेस्टोरेंट में पहुंच कर, रसोई गैस आपूर्ति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने सभी होटल, रेस्टोरेंट संचालकों से कहा कि अभी गैस का बहुत अधिक संकट नहीं है, फिर भी आने वाले दिनों में यदि जरूरत पड़ी तो देशवासियों को इस बार भी कोरोना काल की तरह एकजुटता के साथ इस चुनौती का सामना करना होगा।मुख्यमंत्री ने रेस्टोरेंट संचालक से गैस आपूर्ति के बारे में पूछा, इस दौरान रेस्टोरेंट संचालक ने कहा कि सप्लाई में थोड़ा कमी तो आई है लेकिन फिलहाल गैस लगातार मिल रही है। रेस्टोरेंट संचालक ने बताया कि वो गैस की खपत कम करने के लिए तंदूर का अधिक इस्तेमाल कर रहे हैं।



मुख्यमंत्री ने भी इस पहल को सराहते हुए, प्रशासन को वैकल्पिक ऊर्जा के लिए जरूरी प्रबंध करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी गैस की आपूर्ति हो रही, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार आपूर्ति सुचारू रखने के लिए पूरा प्रयास कर रही है। उन्होंने सभी होटल, रेस्टोरेंट संचालकों के साथ ही आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो देश एकजुटता से इस चुनौती का सामना करेगा। जिस तरह कोरोना काल में देश ने एकजुटता का परिचय दिया था, उसी तरह का धैर्य का परिचय इस बार भी जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गैस के विकल्प के तौर पर इंडक्शन सहित अन्य विकल्पों का प्रयोग किया जा सकता है। सरकार हर तरह से लोगों की मदद करने के लिए तैयार है।

## शुक्ला ने किया मां बसंती दुर्गा पूजा का शुभारंभ

किच्छा (उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 2, सुनेरा बंगाली कॉलोनी में आयोजित मां बसंती दुर्गा पूजा का विधिवत शुभारंभ पूर्व विधायक राजेश शुक्ला द्वारा पूजा-अर्चना के उपरांत फीता काटकर किया गया। पंडाल पहुंचने पर आयोजक मंडल ने पूर्व विधायक का अंगवस्त्र ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान मां दुर्गा के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया।इस अवसर पर अपने संबोधन में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि मां दुर्गा की आराधना भारतीय संस्कृति और अटूट आस्था का प्रतीक है। शक्ति की यह उपासना हमें साहस और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन न केवल हमारी परंपराओं को जीवंत रखते हैं, बल्कि समाज में आपसी भाईचारा, एकता और सांस्कृतिक समरसता को भी मजबूत करने का कार्य करते हैं। उन्होंने नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने के लिए आयोजक मंडल के प्रयासों की सराहना की।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कक्षा आठवीं के छात्र आकाश ढाली द्वारा निर्मित मां दुर्गा की अत्यंत सुंदर प्रतिमा रही। पूर्व विधायक ने बाल कलाकार आकाश की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया और पुरस्कृत कर उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रीय श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ठाकुर संजीव सिंह, संजीव खन्ना, विशाल गुप्ता, नितिन वाल्मीकि, हीरा सरकार, मनिंदर ढाली, विपिन जोशी, तारक सरकार, सपन मजूमदार, महादेव, कल्याणी सरकार, मीना विश्वास, दयाल विश्वास, कालीपद वैरागी, संतोष मंडल, सचिन बाल्मीकि, बिज्जू सिंधी, कमलेश दुबे, विशाल मेहरा समेत वार्डवासी मौजूद रहे।



## संजीव सिंह ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

किच्छा (उद संवाददाता)। वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा नेता संजीव सिंह ने केंद्र और राज्य सरकार के चार वर्ष के कार्यकाल को श्बेमिसालश बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड में विकास के जो कार्य हुए हैं, वे ऐतिहासिक हैं। एक विशेष प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने प्रदेश में पलायन रोकने से लेकर युवाओं को रोजगार देने तक हर क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। संजीव सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी ने प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए सैकड़ों जनकल्याणकारी योजनाएं धरातल पर उतारी हैं। उन्होंने लखपति दीदी योजना, समान नागरिक संहिता , तीन तलाक के विरुद्ध कानून और सख्त नकल विरोधी कानून जैसे बड़े निर्णयों का जिक्र करते हुए कहा कि ये कदम राज्य के भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से श्लैंड जिहादश के खिलाफ मुख्यमंत्री की सख्त कार्रवाई और पलायन रोकने के सार्थक प्रयासों की सराहना की।प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा नेता ने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अब तक प्रदेश के 36,000 युवाओं को सरकारी नौकरियां प्रदान की जा चुकी हैं और कई अन्य विभागों में भर्ती प्रक्रिया तेजी से जारी है। किच्छा विधानसभा क्षेत्र का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यहां एम्स का ऋषिकेश के बाहर पहला बड़ा केंद्र, डिग्री कॉलेज, स्मार्ट सिटी, औद्योगिक सिटी और कोलकाता कॉरिडोर जैसे प्रोजेक्ट्स से क्षेत्र की तस्वीर बदलने वाली है।ईंधन और गैस की आपूर्ति पर बोलते हुए संजीव सिंह ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद केंद्र और राज्य सरकार ने आम जनता के लिए तेल और गैस की प्रचुर व्यवस्था सुनिश्चित की है, जो विपक्ष के भ्रामक प्रचार पर करारा तमाचा है। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में भाजपा भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगी और विकास का यह रथ निरंतर आगे बढ़ता रहेगा।








## नानकमत्ता में कुर्माचल बैंक की नई शाखा का शुभारंभ

नानकमत्ता। नगर के लोगों के लिए आज एक महत्वपूर्ण सौगात सामने आई, जब गुरुद्वारा रोड पर कुर्माचल बैंक की नई शाखा का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस शाखा का उद्घाटन गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार जोगेंद्र सिंह संधू एवं पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य नागरिक, बैंक अधिकारी और समाजसेवी मौजूद रहे। इस अवसर पर बोलते हुए गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान जोगेंद्र सिंह संधू ने कहा कि नगर में बैंक की नई शाखा खुलने से लोगों को बैंकिंग सेवाओं के लिए अब दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि खाता खुलवाने, लेन-देन, ऋण संबंधी सेवाओं सहित अन्य बैंकिंग कार्य अब स्थानीय स्तर पर ही आसानी से उपलब्ध होंगे, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी। वहीं, पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा ने अपने संबोधन में कहा कि क्षेत्र के लोगों को एक और भरोसेमंद बैंकिंग विकल्प मिलने से प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह शाखा न केवल नगर बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए भी लाभ मिलेगा।इस मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव अमरजीत सिंह, गुरुद्वारा मैनेजर रणजीत सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य बलदेव सिंह हरियान, प्रधानाध्यापक के.एन. अटवाल, पूर्व सभासद रंजीत राणा, बैंक के अध्यक्ष विनय शाह, संजय शाह, सुरेश जैन, गिरीश पाठक, दिनेश जोशी, एचआर मैनेजर धीरज जोशी, हरीश शाह, हरिश चंद, राजन मेहरा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



## कपड़ा व्यापारी गौतम मण्डल के आकस्मिक निधन पर बाजार बंद

शक्तिफार्म। बाजार क्षेत्र के कपड़ा व्यापारी गौतम मण्डल के आकस्मिक निधन से पूरे बाजार में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन की खबर मिलते ही स्थानीय व्यापारियों में गहरा दु:ख व्याप्त हो गया। शोक व्यक्त करते हुए बाजार के व्यापारियों ने स्वेच्छा से अपनी-अपनी दुकानें बंद रखीं और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्राथना किया । इस दौरान व्यापारियों ने गौतम मण्डल के सामाजिक व्यवहार, सरल स्वभाव और व्यापारिक ईमानदारी को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। व्यापारियों ने कहा कि गौतम मण्डल न केवल एक सफल व्यापारी थे, बल्कि समाज के प्रति भी उनकी विशेष जिम्मेदारी और सहयोग की भावना रही। उनके निधन से व्यापार जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। इस दुखद अवसर पर बड़ी संख्या में व्यापारी, स्थानीय लोग एवं शुभचिंतक उनके निवास पर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दे रहे हैं। पूरे व्यापार क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है। शोक व्यक्त करने वालो मे रविन्द्र अग्रवाल,विक्की मण्डल, विजय बागला,बलराम पोद्दार,ओमप्रकाश कालरा,राजेश रस्तोगी,राजेश पोद्दार,विपरो राय,विपिन डालमिया,विधान मण्डल,परेश मण्डल,प्रकाश राय,काली शंकर आदि थे